हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, रविवार 29 मार्च 2026
[भिलाई | दुर्ग | भिलाई-3 | कुम्हारी | जामुल | उतई | सेलूद | पाटन | अहिवारा | मुरमुंदा | धमधा | अण्डा | जामगांव - आर]


## KALINGA UNIVERSITY
RAIPUR | INDIA

NIRF RANKING 2025
Ranked in the Top 101-150 Universities
NAAC Accredited
UGC & AICTE Approved
600+ International Students from 33 Countries
130+ Career-Focused Programs
400+ Recruitment Partners
1200+ Internships Offered
Highest Package: INR 29 LPA

### Faculty of Information Technology & Computer Science

# Turn Your Passion for Tech Into a High-Growth Career.

LEARN TODAY LEAD TOMORROW

**Undergraduate**
- BCA in Artificial Intelligence & Machine Learning
- B.CS in AI & ML and Cybersecurity
- Bachelor of Animation & VFX

**Postgraduate**
- MCA
- M.CS in AI & ML and Cybersecurity
- Master of Data Science
- PGDCA
- Master of Animation & VFX

**Diploma**
- Diploma in Computer Applications (DCA)

**New-Age Specialisations**
- BCA in Game Development with AI in collaboration with Hi TECH ANIMATION

**Powered by Industry Experts**
- In Collaboration with IBM Innovation Centre for Education
- Industry-designed AI & ML curriculum
- Practical learning with advanced labs

**7 Centres of Excellence** (For Practical & Applied Learning)
- TechnoViz Automation for Industrial Internet of Things (IIoT)
- Godawari eblu for Research and Training on Electric Vehicles
- IBM Innovation Centre for Education for B.Tech CS in AI & ML
- JustAuto for Repair & Monitor of Maintenance of Vehicles
- BDS Education for Robotics, Coding, and Drones
- Proud to say IamSMEofIndia for Micro, Small, and Medium Enterprises (MSME)
- BOSCH for Bridge Courses

**Research & Advanced Infrastructure :**
- 90+ Advanced Laboratories (SIRO Recognised by the Govt. of India)
- Exclusive Central Instrumentation Facility (CIF) (High-end research equipment)

**Startup Ecosystem :**
- Kalinga Incubation Foundation (KIF)
- 7 Functional Startups on campus
- Your startup journey starts with our mentorship



*Everything you need to build a successful tech career. All in one place.*

**Top Recruiters**
Infosys | Wipro | Oracle | Capgemini | TCS | Accenture | Bosch | Godawari | Adani | Biocon

## +91-9907252100

Campus: Kalinga University, Kotni, Near Mantralaya, Naya Raipur - 492101, Chhattisgarh
City Office: 2nd Floor, Aditya Heights, Opp. Telibandha Talab, Raipur - 492001, Chhattisgarh
Bhilai Office: 111, Khichariya Complex, Opp. Domino's Pizza, Near Hotel Grand Dhillon, Bhilai

Apply through Entrance Examinations
**KALSEE/KAL-MAT**

#Rajesh9926308899

## खबर संक्षेप

### राज्यपाल डेका आज आएंगे भिलाई



**दुर्ग।** छत्तीसगढ़ प्रदेश के राज्यपाल रमेन डेका 29 मार्च को भिलाई के प्रवास पर रहेंगे। प्राप्त जानकारी के अनुसार राज्यपाल 29 मार्च को सुबह 11.15 बजे लोक भवन रायपुर से सड़क मार्ग द्वारा प्रस्थान कर दोपहर 12 बजे एसएनजी आडिटोरियम सेक्टर 4 भिलाई पहुंचेंगे। वे यहां दोपहर 12 बजे से 12.45 बजे तक छत्तीसगढ़ जर्नलिस्ट यूनियन प्रादेशिक पत्रकार सम्मेलन और सम्मान समारोह में शामिल होंगे। राज्यपाल दोपहर 12.45 बजे भिलाई से सड़क मार्ग द्वारा लोक भवन रायपुर प्रस्थान करेंगे।

### दिव्यांग को जीवन यापन के लिए मिली ट्राईसिकल

**भिलाई।** वार्ड क्रमांक 34 की दिव्यांग महिला कोरबहारीन बाई निषाद को शपथ फाउंडेशन ने जीवन यापन में सहयोग के लिए ट्राईसिकल का वितरण किया। अध्यक्ष अशोक गप्ता ने इसे प्रदान किया। इस अवसर जोन अध्यक्ष जालंधर सिंह, पार्षद शैलजा राज, पार्षद मोहमद सलमान, कैंप मंडल महिला मोर्चा अध्यक्ष ममता भारद्वाज, समाजसेविका प्रमिला पंडित, समाज सेविका भारत श्री बी. पोलम्मा, सिया श्रीवास्तव, मंजीत वर्मा सहित अन्य मौजूद थे।

### ईंधन राहत से देश का हर वर्ग होगा सशक्त



**दुर्ग।** ईंधन को लेकर केंद्र सरकार द्वारा दी गई राहत का भाजपा ने स्वागत किया है। व्यापारी प्रकोष्ठ के संयोजक, सर्राफा एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रकाश सांखला, स्वावलंबी भारत अभियान के सह समन्वयक संजय चौबे ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पेट्रोल एवं डीजल पर एक्साइज ड्यूटी में कमी की है। यहऐतिहासिक एवं जनहितकारी निर्णय है। यह कदम वैश्विक आर्थिक संकट के बीच देशवासियों को बड़ी राहत देने वाला है। इस अवसर पर कैट दुर्ग इकाई के चेयरमैन पवन बडजात्या, महामंत्री प्रकाश गोलछा, कोषाध्यक्ष हरीश श्रीश्रीमाल, रवि केवलतानी, आशीष खंडेलवाल, महिला इकाई अध्यक्ष पायल जैन, महासचिव गूंजा पींचा सहित सभी पदाधिकारियों ने हर्ष व्यक्त किया। प्रकाश सांखला एवं संजय चौबे ने कहा कि लॉजिस्टिक्स एवं ट्रांसपोर्टेशन लागत कम होने से व्यापारियों को राहत मिलेगी और बाजार में सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। उद्योग जगत, विशेषकर मैन्युफैक्चरिंग, स्टील, सीमेंट एवं ऑटोमोबाइल सेक्टर को इस निर्णय से बड़ा लाभ मिलेगा।

### आशीष राय को पीएचडी



**भिलाई।** डॉ. सीबी रमन विश्वविद्यालय बिलासपुर के विज्ञान संकाय अंतर्गत वनस्पति विज्ञान विभाग के शोधार्थी आशीष राय को एचडी की उपाधि प्रदान की गई है। उन्होंने अपना शोध कार्य छत्तीसगढ़ के धमतरी जिले के आदिवासी समुदाय द्वारा घाव के उपचार में उपयोग की जाने वाली औषधि वनस्पतियों पर केंद्रित था। यह शोधकर उन्होंने डॉक्टर अमित शर्मा के मार्गदर्शन में किया।

# गर्मी आते ही गहराने लगा जलसंकट, 5246 हैंडपंप में 100 से ज्यादा खराब, धमधा के 101 से ज्यादा गांवों में बढ़ी परेशानी

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

हर बार की तरह इस बार भी गर्मी के आते ही जलसंकट गहराने लगा है। जल जीवन मिशन के अंतर्गत पाइप लाइन तो बिछाई गई है, लेकिन नलों से पानी नहीं आ रहा। धमधा क्षेत्र के 101 गांवों में भीषण जलसंकट के हालात निर्मित हो रहे हैं। पिछले दिनों तालाबों को भरने के लिए तांदुला से पानी भी छोड़ा गया, लेकिन वह भी नाकाफी साबित हो रहा है। हरिभूमि की पड़ताल में खुलासा हुआ है कि हसदा, चिखला, बोरी, लिटिया और इसके आसपास के क्षेत्र में तेजी से भूजल स्तर नीचे जा रहा है। इस वजह से सूखे के हालात निर्मित हो रहे हैं। पीएचई के मुताबिक जिले में इस समय करीब 5246 हैंडपंप हैं, इनमें से ऑन रिकॉर्ड 84 बंद पड़े हुए हैं। 42 को सुधारा जा सकता है। 2 में वॉटर लेवल डाउन हो चुका है। 39 सुधारने योग्य ही नहीं हैं।

बता दें कि वॉटर लेवल डाउन वाले हैंडपंप की संख्या कहीं ज्यादा है। धमधा क्षेत्र के 20 से ज्यादा पंचायतों के प्रतिनिधियों ने बताया कि उनके एरिए में कम से कम एक हैंडपंप 15 मार्च के बाद से सूख गया है। इधर अंजोरा ढाबा क्षेत्र में 4 से ज्यादा हैंडपंप बंद हैं। महज 2 हैंडपंप के जरिए ही पूरे गांव में पानी पहुंच रहा है। दुर्ग और पाटन क्षेत्र में भी जल संकट के हालात हैं, लेकिन स्थिति नियंत्रण में है।

**पीएचई में कंट्रोल रूम का नंबर 07882323633 जारी, विभाग के जिम्मेदारों को ही नहीं पता**

### पीएचई में हर साल बनाया जाता हैं कंट्रोल रूम, लोगों को जानकारी नहीं

बता दें कि गर्मी के दिनों में पीएचई द्वारा प्रतिवर्ष कंट्रोल रूम का निर्माण किया जाता है, ताकि पेयजल से जुड़ी किसी भी प्रकार की शिकायत की जा सके। इसके लिए टेलीफोन नंबर 07882323633 जारी किया जाता है, लेकिन इस बार अब तक लोगों को इस बारे में जानकारी ही नहीं है। हरिभूमि ने जब इस नंबर पर फोन लगाया कि संबंधित कर्मचारी को ही नहीं पता था कि कम्प्लेन दर्ज करनी है या नहीं। उन्होंने सोमवार को अधिकारियों से चर्चा करने के बाद किसी भी प्रकार से जानकारी देने या शिकायत दर्ज करने की बात कही, जबकि पिछले कई सालों से इस नंबर पर गर्मी के दिनों में शिकायत दर्ज की जाती रही है।



### हर बार संवेदनशील क्षेत्रों का निर्धारण, काम कुछ नहीं

पीएचई विभाग ने पिछले कुछ सालों में गर्मी के मौसम का डाटा एकत्र कर उन गांव व क्षेत्र का चयन किया है, जहां पर पेयजल संकट अधिक है। ऐसे संभावित पेयजल समस्या वाले 99 ग्रामों को चयन किया गया है। इसमें से सर्वाधिक पेयजल संकट वाले गांव 22 हैं। जिन 99 गांव चयन किया गया है, वहां पेयजल के लिए 1583 हैंडपंप, 52 नल जलयोजना, 11 स्थल जल योजना, 406 सिंगल फेस पंप, 105 सोलर पंप लगाए गए हैं। वहीं सर्वाधिक पेयजल संकट वाले 22 गांव में 343 हैंडपंप, 7 नल जल योजना, 5 स्थल जल योजना, 99 सिंगल फेस पंप और 23 सोलर पंप योजना की सुविधा दी गई है।

### कई पुराने हैंडपंपों को मेंटेनेंस के बजाए कर दिया गया है बंद

जानकारी के मुताबिक पीएचई में 385 गांवों तक पानी पहुंचाने के लिए 5352 हैंडपंप थे। वर्तमान में रिकॉर्ड में सिर्फ 5246 दर्ज हैं। बाकी हैंडपंप अपरिहार्य कारणों से बंद कर दिए गए हैं या बंद मान लिए गए हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में पानी पहुंचाने के लिए 203 नलजल योजना, 38 स्थल जल योजना, 1223 सिंगल फेस पंप और 673 विभागीय सोलर पंप संचालित हैं। बावजूद हर साल गर्मी में जिले को भीषण जलसंकट से गुजरना पड़ता है। जानकारी के मुताबिक 561.16 लाख रुपए की कार्ययोजना तैयार की गई है। इसके तहत पेयजल समस्या वाले गांव में नए नलकूपों का खनन, हाइड्रोफेक्चरिंग, सिंगलफेस पावरपंप स्थापना, एक्स्ट्राडीपवेल सिलेंडर, राइजर पाइप बढ़ाने व बदलने का प्रावधान रखा गया है।

### जल संकट से निपटने पीएचई चला रहा विशेष अभियान

बता दें कि ग्रामीण क्षेत्रों में जलसंकट से निपटने पीएचई द्वारा एक अभियान की शुरुआत की गई है। 15 मार्च से यह अभियान शुरू किया गया है, जिसे 15 अप्रैल तक चलाया जाना प्रस्तावित किया गया है, ताकि जलसंकट की स्थिति न बननें। इस दौरान प्रभावित और सबसे ज्यादा संवेदनशील क्षेत्रों में पहुंचकर लोगों को जल संरक्षण और पानी का जरुरत के हिसाब से उपयोग किए जाने के लिए उन्हें जागरूक किया जा रहा है। बंद पड़े हैंडपंप का मेंटेनेंस किया जा रहा है। परियोजनाओं के अंतर्गत पाइपलाइन का मेंटेनेंस भी कराया जा रहा है, ताकि पानी पहुंचाया जा सके, लेकिन अब तक यह व्यवस्था नाकाफी साबित रही है।

# पेंशन, सफाई व पेयजल समस्या को लेकर कांग्रेस की आयुक्त से शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

- समस्या निराकरण नहीं होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी

शहर में लंबित पेंशन, बदहाल सफाई व्यवस्था एवं पेयजल संकट को लेकर शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष धीरज बाकलीवाल एवं नेता प्रतिपक्ष संजय कोहले के नेतृत्व में कांग्रेसजनों ने नगर निगम आयुक्त को ज्ञापन सौंपकर त्वरित कार्रवाई की मांग की। ज्ञापन में बताया गया कि नगर निगम द्वारा विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत मिलने वाली वृद्धावस्था, विधवा एवं दिव्यांग पेंशन विगत लगभग 5 माह से हितग्राहियों को प्राप्त नहीं हो रही है, जिससे गरीब एवं जरूरतमंद वर्ग गंभीर आर्थिक संकट से जूझ रहा है।



कांग्रेस ने शहर की सफाई व्यवस्था पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि एसएलआरएम सेंटरों में कचरे का ढेर लगा हुआ है। कचरे का समुचित निष्पादन नहीं हो पा रहा है। शिवनाथ नदी के किनारे कचरा डंप किए जाने और कई स्थानों पर कचरे में आग लगने से उठते धुएं के कारण आसपास के वार्डों के रहवासियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

इसके अलावा विभिन्न वार्डों में पेयजल संकट गहराता जा रहा है। कई क्षेत्रों में 10 मिनट से अधिक पानी की आपूर्ति नहीं हो रही है। विशेष रूप से शनिचरी बाजार, कर्मचारी नगर, उरला, बोरसी, पोटिया, पुलगांव, शक्ति नगर एवं शंकर नगर क्षेत्रों में स्थिति अधिक गंभीर बनी हुई है। बाकलीवाल ने कहा कि शहर में पेंशन नहीं मिलना, सफाई व्यवस्था का चरमराना और पेयजल संकट ये तीनों ही मुद्दे सीधे आम जनता से जुड़े हैं, लेकिन नगर निगम इन पर पूरी तरह विफल नजर आ रहा है। इसके साथ ही नगर निगम के राजस्व विभाग द्वारा हितग्राहियों के साथ बर्बरतापूर्वक व्यवहार किए जाने की शिकायतें भी लगातार सामने आ रही हैं, जो बेहद निंदनीय है। कांग्रेस ने प्रशासन से मांग की है कि लंबित पेंशन का तत्काल भुगतान, सफाई व्यवस्था में सुधार एवं नियमित पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित की जाए, ताकि आम नागरिकों को राहत मिल सके। अन्यथा कांग्रेस पार्टी जनहित में आंदोलन करने के लिए बाध्य होगी, जिसकी समस्त जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। इस अवसर पर आरएन वर्मा, दीपक दुबे, अब्दुल गनी, दीपक साहू, विजयंत पटेल, हामिद खोखर, भास्कर कुंडले, गुरदीप भाटिया, देवश्री साहू, आनंद कपूर, ज्ञानदास बंजारे, केके सिंह, प्रेमलता साहू, मनीषा सोनी, पोषण साहू, प्रकाश जोशी, अनूप वर्मा, आयुष शर्मा, निकिता मिलिंद, ओमप्रकाश जोशी, दीपक जैन सहित अन्य मौजूद थे।

# मनरेगा के कामों के ऑडिट के लिए पहुंची टीम ग्रामीण क्षेत्रों में कार्यों का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

- टीम ने 6 से ज्यादा ग्रामीण क्षेत्रों में पहुंचकर कार्यों के बारे में ली जानकारी



ग्रामीण विकास मंत्रालय के निर्देश पर दुर्ग जिले में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए विशेष लेखापरीक्षा का निरीक्षण किया गया। इस दौरान जिले में संचालित एवं समवर्ती कार्यों का परीक्षण एवं सत्यापन किया गया। गठित लेखापरीक्षा दल में संजय कुमार वरिष्ठ लेखा अधिकारी, रणवीर कुमार सुमन तथा मधुसूदन साने लोक लेखा अधिकारी शामिल थे। दल द्वारा योजना के क्रियान्वयन, वित्तीय प्रबंधन एवं निधि प्रवाह से संबंधित अभिलेखों का सूक्ष्म परीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान कार्य विवरण, फाइलें, रजिस्टर, वाउचर एवं अन्य आवश्यक दस्तावेजों का परीक्षण करते हुए योजना की प्रगति एवं गुणवत्ता का अवलोकन किया गया।

सामान्य वित्तीय नियम 2017 के नियम 39 के अनुसार अधीनस्थ प्राधिकारी का दायित्व है कि वह लेखापरीक्षा अधिकारी को आवश्यक खाते, रिपोर्ट, भुगतान विवरण एवं अन्य अभिलेख उपलब्ध कराए। इसी प्रकार नियम 40 के अंतर्गत लेखापरीक्षा हेतु मांगी गई सभी जानकारी एवं दस्तावेज उपलब्ध कराना अनिवार्य है। इस संबंध में जनपद पंचायतों एवं ग्राम पंचायतों को आवश्यक निर्देश दिए गए हैं। निरीक्षण के क्रम में विभिन्न जनपद पंचायतों में संचालित कार्यों का स्थल निरीक्षण भी किया गया। धमधा के नवागांव में निजी डबरी निर्माण, वृक्षारोपण एवं जल संरक्षण कार्य, पाटन के ग्राम पंचायत मानिकचौरी में वृक्षारोपण एवं तालाब गहरीकरण, फेकारी में भूतहा तालाब, जलाशय गहरीकरण, नाली निर्माण एवं नाला पुनरुद्धार, दुर्ग के ग्राम पंचायत बोरीगारक में शमशान घाट समतलीकरण एवं निर्माण कार्य का अवलोकन किया गया।

इन कार्यों के निरीक्षण के दौरान गुणवत्ता, प्रगति, मास्टर रोल, जॉब कार्ड, बी-बुक, माप पुस्तिका एवं कार्य रजिस्टरों की जांच की गई तथा आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए।

# डाक विभाग से विदेशी पार्सल एवं दस्तावेज भेजना हुआ आसान



हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

- डाक विभाग सुविधाओं में तेजी से कर रहा सुधार

दुर्ग संभाग के अंतर्गत सभी प्रमुख डाकघरों एवं अन्य उपडाकघरों में विदेशी पार्सल एवं दस्तावेज़ों की बुकिंग अब और भी आसान हो गया है। प्रवर अधीक्षक ने बताया कि यह सुविधा आम नागरिकों और व्यापारिक संस्थाओं के लिए सुरक्षित, किफायती एवं विश्वसनीय विकल्प प्रदान करती है। आम नागरिक अपने परिजनों को विदेश में पार्सल एवं दस्तावेज़ अन्य विकल्पों की तुलना में सस्ते दरों पर भेज सकते हैं। ऑनलाइन ट्रैकिंग की सुविधा भी शुरू की गई है, ताकि पार्सल की स्थिति को बुकिंग से लेकर डिलीवरी तक देखा जा सकता है। बुकिंग के समय केवल वैध पहचान पत्र प्रस्तुत करना आवश्यक है। डाक विभाग लगातार अपनी सेवाओं को आधुनिक बना रहा है, ताकि आम जनता और व्यापारिक समुदाय को सुरक्षित, पारदर्शी एवं सुविधाजनक डिलीवरी उपलब्ध हो सके।

# वित्तीय वर्ष में 31 तक टैक्स जमा करने का मौका, इसके बाद लगेगा अधिभार

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

31 मार्च को वित्तीय वर्ष 2025-26 समाप्त हो रहा है। इस दौरान निगम ने अपने सभी टैक्स, किराया, शुल्क को 31 मार्च तक जमा कराने के लिए विशेष सुविधा दी है। इसके लिए अवकाश के दिनों में भी निगम में टैक्स जमा करने के लिए काउंटर खुला रखा जा रहा है। बता दें कि 31 मार्च के बाद टैक्स जमा करने पर अधिभार वसूला जाएगा। 29 मार्च की स्थिति में टैक्स जमा करने के लिए महज 3 दिन ही शेष हैं। निगम प्रशासन द्वारा करदाताओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए विशेष व्यवस्था की गई है, जिसके अंतर्गत नगर निगम परिसर के टैक्स निरंतर जमा लिया जा रहा है।

निगम आयुक्त सुमित अग्रवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि कर



संग्रहण को सुचारू एवं व्यवस्थित बनाने के लिए अतिरिक्त कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है तथा काउंटरों पर आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं। नागरिकों की बढ़ती संख्या को देखते हुए समय-समय पर व्यवस्था का निरीक्षण भी किया जा रहा है, जिससे करदाताओं को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। आयुक्त ने शहर के समस्त करदाताओं से अपील करते हुए कहा है कि वे अंतिम तिथि का इंतजार न करें और शीघ्र ही अपने बकाया कर का भुगतान कर दें। समय सीमा के भीतर कर जमा करने से करदाता अनावश्यक पेनल्टी एवं फाइन से बच सकते हैं, वहीं अंतिम तिथि के पश्चात निगम द्वारा नियमानुसार दंडात्मक कार्यवाही की जाएगी, जिसमें जुर्माना, अधिभार एवं अन्य विधिक कार्रवाई शामिल हो सकती है। करदाताओं से आग्रह की अपना टैक्स ऑनलाइन घर बैठे https://municipalcorporation.in/ जमा कर सकते हैं।

# पॉन्ड क्लीनर मशीन से तालाबों की सफाई में आई तेजी

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग



- शहर के सभी तालाब होंगे स्वच्छ

नगर पालिक निगम, दुर्ग।नगर पालिक निगम दुर्ग द्वारा शहर के तालाबों की साफ-सफाई के लिए आधुनिक तकनीक का उपयोग करते हुए पॉन्ड क्लीनर मशीन के माध्यम से विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में पुलगांव गौठान के समीप स्थित तालाब की सफाई का कार्य तेजी के साथ किया जा रहा है, जिससे क्षेत्र की स्वच्छता एवं सौंदर्य में उल्लेखनीय सुधार देखा जा रहा है। पॉन्ड क्लीनर मशीन की सहायता से तालाबों में जमा गंदगी, कचरा एवं जलकुंभी को प्रभावी रूप से हटाया जा रहा है, जिससे जल स्त्रोतों का संरक्षण भी सुनिश्चित हो रहा है। निगम द्वारा इस तालाब की सफाई पूर्ण होने के पश्चात शहर के अन्य तालाबों की सफाई भी इसी मशीन के माध्यम से किए जाने की कार्ययोजना बनाई गई है। यह कार्य महापौर अलका बाघमार एवं सभापति श्याम शर्मा के मार्गदर्शन तथा आयुक्त सुमित अग्रवाल के निर्देशानुसार निरंतर किया जा रहा है। कर्मशाला अधीक्षक शोएब अहमद के नेतृत्व में टीम अमला के साथ कचरा एवं जलकुंभी को प्रभावी रूप से हटाया जा रहा है, बता दें कि निगम प्रशासन द्वारा तालाबों के संरक्षण एवं स्वच्छता को प्राथमिकता देते हुए इस अभियान को व्यापक स्तर पर संचालित किया जा रहा है।

**राज्य सरकार की जारी रिपोर्ट में खुलासा**

# प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण में दुर्ग प्रथम

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

- जिले में 93.3% आवास की मिली स्वीकृति

प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के प्रभावी क्रियान्वयन में जिला दुर्ग ने प्रदेश स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त किया है। राज्य कार्यालय द्वारा 26 मार्च 2026 को जारी रैंकिंग के अनुसार जिले में 93.3 प्रतिशत आवासों की स्वीकृति प्रदान की गई है, जिनमें से 94.1 प्रतिशत में द्वितीय किस्त जारी की जा चुकी है तथा 81.4 प्रतिशत आवासों का निर्माण पूर्ण हो चुका है।

इसके साथ ही मनरेगा मजदूरी भुगतान में भी जिले ने 89.2 प्रतिशत के औसतन 89.5 प्रतिशत के साथ पूरे प्रदेश में प्रथम स्थान हासिल किया है।

कलेक्टर अभिजीत सिंह के निर्देशन एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत बजरंग कुमार दुबे के मार्गदर्शन में योजना के सफल क्रियान्वयन हेतु निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। इसी क्रम में जनपद पंचायत धमधा में 95, दुर्ग में 65 एवं पाटन में 31 हितग्राहियों को आवास निर्माण पूर्ण होने के पश्चात तृतीय किस्त की राशि हस्तांतरित की गई है। इस हेतु कुल 116 लाख रुपए से अधिक की राशि जारी की गई है।



### 200 से अधिक आवासों का निर्माण पूर्ण कराया गया

इसके अतिरिक्त 586 हितग्राहियों के लिए 259 लाख रुपए से अधिक की राशि एफटीओ के माध्यम से हस्तांतरण हेतु तैयार की गई है, जो आगामी दिनों में उनके खातों में जमा कराई जाएगी। जिले में आवास निर्माण कार्य में तेजी लाते हुए प्रत्येक सप्ताह लगभग 80 से अधिक नए आवास प्रारंभ किए जा रहे हैं तथा 200 से अधिक आवासों का निर्माण पूर्ण कराया जा रहा है। फरवरी माह के लिए निर्धारित 831 आवास पूर्णता के लक्ष्य के विरुद्ध जिले द्वारा 852 आवास पूर्ण कर लक्ष्य से अधिक उपलब्धि हासिल की गई है। योजना अंतर्गत निरंतर राशि हस्तांतरण से हितग्राहियों में उत्साह बढ़ा है, जिससे वे अपने आवासों का निर्माण शीघ्रता से पूर्ण कर रहे हैं।

### मन की बात का प्रसारण आज

**भिलाई।** प्रधानमंत्री मोदी के मन की बात 132 वां एपिसोड 29 मार्च सुबह 11 बजे से सभी चैनलों पर आयोजित है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात को सुनने के लिए भाजपा जिला कार्यालय, प्रियदर्शिनी परिसर सुपेला भिलाई में व्यवस्था की गई है। कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष पुरूषोत्तम देवांगन, सांसद, विधायक, पूर्व विधायक, सहित जिले में निवासरत प्रदेश व जिला पदाधिकारीगण व कार्यकर्ता शामिल होंगे। इसी कड़ी में भाजपा किसान मोर्चा के तत्वावधान में संभाग स्तरीय मन की बात का अहिवारा में आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम में प्रदेश भाजपा अध्यक्ष किरण सिंह देव, कैबिनेट मंत्री गजेन्द्र यादव, अहिवारा विधायक डोमन लाल कोर्सेवाड़ा व अलोक सिंह ठाकुर उपस्थित रहेंगे।

# जीरो वेस्ट सेंटर से उठते धुएं के गुबार से केलाबाड़ी क्षेत्र में बढ़ रहा प्रदूषण

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग



- निगम आयुक्त व जिला प्रशासन से की शिकायत

सुराना कॉलेज के सामने संचालित दुर्ग निगम का जीरो वेस्ट लोगों के लिए मुसीबत का सबब बना हुआ है। आसपास के लोग जीरो वेस्ट के कचरे का उठता बदबू से परेशान हैं। धुएं के गुबार केलाबाड़ी सहित आसपास के क्षेत्रों को प्रदूषित कर रहे हैं। समाजवादी पार्टी के शहर अध्यक्ष शेख रज्जाक ने इसे लेकर निगम आयुक्त और जिला प्रशासन से शिकायत की है। उन्होंने कहा कि जीरे वेस्ट सेंटर में लगातार महीने भर कचरा जलाया जा रहा है। इसके लिए कोई समय निर्धारित नहीं है। दिन हो या रात कचरे से धुआं उठते हुए देखा जा सकता है। यह धुआं केलाबाड़ी क्षेत्र में प्रदूषण फैलाने का काम कर रहा है। उन्होंने नाराजगी जताते हुए निगम प्रशासन से मांग की है कि उक्त स्थल से जीरो वेस्ट को पूरी तरह से हटाया जाए। अन्यथा केलाबाड़ी क्षेत्र के लोग आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। शेख रज्जाक ने कहा कि आग लगने वाले निगम कर्मचारियों के खिलाफ भी कार्रवाई की जानी चाहिए, क्योंकि रात्रि के समय धुएं से दम घुटने से लोगों की मौत जैसी घटना भी हो सकती है। उन्होंने कहा है कि जल्द ही समस्या का निराकरण नहीं किया गया, तो वे एनजीटी में परिवाद दायर करेंगे। न्यायालय की शरण लेंगे।

तापमान
अधिकतम 37.0 डिग्री
न्यूनतम 21.0 डिग्री

हरिभूमि
इस्पात भूमि
रायपुर, रविवार 29 मार्च 2026

भिलाई | दुर्ग | भिलाई-3 | कुम्हारी | जामुल | उतई | सेलूद | पाटन | अहिवारा | मुरमुंदा | धमधा | अण्डा | जामगांव - आर

10 गर्मी आते ही गहराने लगा जलसंकट, 5246...

12 प्रतिबंध के बावजूद सड़कों पर दौड़ रहे भारी ...





## शुरू हुआ कैमरा लगाने का काम, निगरानी के लिए कंट्रोल रूम में 40-50 स्क्रीन की तैयार हो रही वीडियो वाल

# दुर्ग पुलिस और हुई हाईटेक, पांच प्रकार के सीसीटीवी कैमरों से स्पीड से लेकर अपराध तक हर जगह होगी नजर

डॉ. संदीप उपाध्याय ▶▶| भिलाई

हरिभूमि एक्सक्लूसिव

दुर्ग पुलिस जल्द ही आधुनिक आईटीएमएस (इंटेलिजेंट ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम) की सुविधा से लैस होगी। इसके लिए करोड़ों रुपए की लागत से 43 अलग अलग चौक चौराहों में अलग अलग प्रकार के हाईटेक सीसीटीवी कैमरे लगाए जा रहे हैं। इन कैमरों में कैद होने वाली फुटेज की निगरानी एक जगह (कंट्रोल रूम) में बैठकर पुलिस की टीम करेगी और अपराध पर लगाम लगाएगी। ट्रैफिक डीएसपी सदानंद सिंह विंध्यराज ने बताया कि कैमरा लगाने का काम शुरू हो चुका है। जिले में भिलाई टाउनशिप एसबीआई चौक, पंथी चौक, अंडा चौक, रसमढ़ा, महाराजा चौक और पटेल चौक सिहत 7 अलग अलग स्थानों में हाईटेक कैमरे लगाए जा चुका है। पूरे जिले में 43 अलग अलग स्थान व चौक चौराहों में कैमरे लगेंगे। कई जगहों पर प्लिंथ और पोल खड़ा करने का काम तेजी से चल रहा है। कैमरा लगाने वाली कंपनी का दावा है कि दो महीने में ये प्रोजेक्ट पूरी तरह से चालू हो जाएगा।



### पांच प्रकार के लग रहे कैमरे

ट्रैफिक सिस्टम को कंट्रोल करने के लिए पांच अलग अलग प्रकार के कैमरे लगाए जा रहे हैं। इसमें फिक्स कैमरा, पीटीजेट (हैवी रेंज का कैमरा), एएनपीआर (नंबर प्लेट स्कैन करने वाला कैमरा), आरएलवीडी (रेड सिग्नल तोड़ने वाले को डिटेक्ट करेगा) और स्पीड कैमरा (हाईवे में स्पीड को डिटेक्ट करने वाला कैमरा) लगाए जा रहे हैं।




### ट्रैफिक और क्राइम दोनों पर लगेगी लगाम



आईटीएमएस सिस्टम जल्द ही जिले में शुरू हो जाएगा। इससे हाई स्पीड, रेड सिग्नल तोड़ना और सड़क दुर्घटना जैसे ट्रैफिक नियमों और होने वाले अपराधों को पकड़ने में काफी मदद मिलेगा। इससे इसे काफी हद तक कम किया जा सकेगा।

-विजय अग्रवाल, एसएसपी दुर्ग

### लगाए जाएंगे 392 कैमरे

जिले के अलग अलग चौक चाराहों में कुल 392 कैमरे लगाए जाएंगे। इसमें 148 फिक्स कैमरे, 42 पीटीजेड, 122 एएनपीआर, 50 आरएलवीडी और 30 स्पीड कैमरे शामिल होंगे। इन कैमरों की निगरानी के लिए सेक्टर सिक्स कंट्रोल रूम के फर्स्ट फ्लोर में बने हॉल को कंट्रोल रूम बनाया जाएगा। यहां 40-50 स्क्रीन को जोड़कर एक वीडियो वाल तैयार की जा रही है। इसकी निगरानी के लिए एक शिफ्ट में कंपनी के 6 टेक्नीशियन और पुलिस विभाग के कर्मचारी 24 घंटे तैनात रहेंगे।

### किस थाना क्षेत्र में कहां कहां लगेंगे कैमरे

| थाना | स्थान |
|---|---|
| धमधा | ठेलका चौक |
| कुम्हारी | कुम्हारी टौल प्लाजा |
| मोहन नगर | धमधा नाका अंडर ब्रिज |
| भिलाई नगर | 25 मिलियन चौक, 7 मिलियन चौक |
| पाटन | सिकोला सोनपुर तिराहा |
| पद्मनाभपुर | पोटिया चौक, जेल तिराहा, महाराजा चौक |
| पुरानी भिलाई | उम्दा जरवाय चौक |
| पुलगांव | चंदखुरी चौक, अंजोरा तिराहा, भरदा कोनारी मोड़, निकुम रोड, दुर्ग बालोद रोड, चिखली चौक |
| रानीतराई | रानीतराई अटारी चौक |
| सुपेला | गुरुद्वारा चौक, नेहरू नगर चौक, सुपेला चौक, चंद्रा मौर्या चौक, गदा चौक, आकाश गंगा मार्केट |
| उतई | उतई तिराहा नहर नाली, पतोरा हाईस्कूल के सामने, फुंडा भारत माला चौक |
| छावनी | कैनाल रोड |
| दुर्ग कोतवाली | गंजपारा तिराहा, महमरा टर्निंग ब्लैक स्पॉट, पटेल चौक, राजेंद्र पार्क चौक, चंडी मंदिर चौक, |
| जामुल | वीरा चौक ट्रांस्पोर्ट नगर, खेदामारा चौक |
| नंदिनी | एंपीरियल पब्लिक स्कूल, गुरुघासीदास चौक, नंदकट्टी चौक, पथरिया चौक, पथरिया शिवनाथ नदी पुलिस, बस स्टैंड नंदिनी,अटल परिसर चौक, पथरिया चौक |
| अंडा | अंडा बस स्टैंड, अंडा चौक |






# हलो हाय छोड़िए, जय श्रीराम बोलिए और मन में भगवान राम से नाता जोड़िए : बालकदास

हरिभूमि न्यूज ⏭जामगांव आर

रामनवमी के पावन अवसर पर जामगांव आर में नवनिर्मित भव्य श्रीराम मंदिर में भगवान श्री राम की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा आचार्य मिथलेश शर्मा के मंत्रोच्चारण के साथ विधि विधान पूर्वक सम्पन्न हुई। मंदिर निर्माता संदीप चंद्राकर यजमान रहे। प्राण प्रतिष्ठा पश्चात धर्म सभा का आयोजन हुआ। जिसमें मुख्य वक्ता पाटेश्वर धाम के संत श्रीराम बालक दास महाराज मंचासीन रहे। यहां स्वास्थ शिविर एवं बल्ड डोनेशन शिविर का आयोजन किया गया। प्रारंभ में नरसिंह चंद्राकर ने कौशल्या धाम पर प्रकाश डाला। आयोजन में कार सेवकों का भी सम्मान हुआ। इनमें जिलोखन चंद्राकर,



कन्हैयालाल साहू ,कचरीबाई भीगंज,छन्नू साहू, कचरा बाई निर्मलकर,समलिया साहू,चेतनलाल देवांगन, टीकाराम साहू, दौवाराम, प्रकाश साहू, मनोहर साहू,नरोत्तम साहू, विश्वकर्मा पाल, राजेंद्र साहू, बसंत साहू,दिलेश्वर साहू,नीलकंठ साहू,राजेश द्विवेदी, छतर सिंह साहू का सम्मान हुआ। पाटेश्वर धाम के संत श्रीराम बालकदास महाराज ने कहा कि हर हिंदू के हृदय में राम का जन्म होना चाहिए। जीवन में पाखंड ना करे,कर्म ऐसा करे कि मन मंदिर जैसा पावन पवित्र बन जाए।

कौशल्या धाम से जुड़ने का प्रभावी प्रेरणा देते हुए महाराज श्री ने कहा कि पार्टेश्वर धाम में मां कौशल्या की गोद में बालक राम का अलौकिक दृश्य देखने का सौभाग्य सबको प्राप्त होगा। मंदिर निर्माण में योगदान देकर निर्माण कर्ता का गिलहरी सा योगदान देकर अमिट नाम इतिहास के पन्नों में दर्ज कराए।

## मंदिर निर्माण में इनका रहा सहयोग



आयोजन में मंदिर निर्माण कर्ता संदीप चंद्राकर, मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का दामाद त्रिवेंदु शेखर कंवर ,पूर्व विधायक डॉ दयाराम साहू, तहसील साहू समाज अध्यक्ष लालेश्वर साहू,सभापति कल्पना नारद साहू,जनपद सभापति प्रणव शर्मा, जनपद सभापति रवि सिन्हा, जिलोखन चंद्राकर,बसंत चंद्राकर,गौकरण चंद्राकर,श्याम ऋषि चंद्राकर,तीरथ चंद्राकर,हर्ष चंद्राकर, ,रामस्वरूप चंद्राकर, रूपेंद्र शुक्ला,नरेश केला, शैलेंद्री मंडावी ,भारती सोनबेर ,त्रिवेणी साहू , मालती साहू,सरोज देवांगन, ज्ञानेश्वरी साहू सुरुचि साहू उमा चंद्राकर, तामेश्वरी साहू, बसंती साहू किरण साहू पिंकी देवांगन,संगीता डहरे, धनेश्वरी साहू शशिकला साहू ,पूर्णेन्द्र सिन्हा, हलधर महमल्ला,कमलेश साहू, लीलाराम वर्मा,अभिषेक सेन,चेलाराम साहू ,उमाशंकर साहू, किशोर साहू,जयप्रकाश चंद्राकर, मुकेश साहू,भोला साहू,मुरली वैष्णव,डा.धर्मेंद्र निर्मलकर, अंगेश्वर साहू ,अरुण चंद्राकर,सुरेश जैन, डॉ के एस देवांगन,मनीष जैन, जागेश्वर शुक्ला ,,सीता राम साहू,राहुल कुलदीप, सुनील चंद्राकर,मेंघनाथ सागरवंशी,राजकुमार ठाकुर,चतुर साहू,बलदाऊ राव,कामता साहू,मुकेश राठी,उज्ज्वल केला,जालम सेन,तेजराम साहू,कुमार यादव,दीपक यादव,युधिष्ठिर चंद्राकर,नरोत्तम साहू, हलधर महमल्ला,राजा चंद्राकर, खुशाल साहू,ठम्मन चंद्राकर,रुपेश चंद्राकर,जनक साहू,शिव शंकर यादव, , डे सहाब,ऋषभ चंद्राकर ,जितेंद्र साहू और टीकू भीगंज आदि उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### बनेगा सार्वजनिक मंच



**जामुल।** नगर पालिका जामुल क्षेत्र में विकास कार्य लगातार जारी है। क्षेत्र के विकास यात्रा में वार्ड क्र. 20 सुरडुंग में सार्वजनिक मंच निर्माण हेतु भूमि पूजन नपा अध्यक्ष ईश्वर सिंह ठाकुर ने किया 1
इस अवसर पर नपा अध्यक्ष ईश्वर सिंह ठाकुर ने कहा कि लगभग सभी वार्डों में पार्षद की सहमति एवं आम जनता की मांग अनुसार कार्य कराए जा रहे है और आगे भी नगर पालिका क्षेत्र में विकास कार्य होंगे।

## निधन

### डॉ. अंचल चन्द्राकर

**दुर्ग।** भारती आयुर्वेदिक कॉलेज दुर्ग के डायरेक्टर डॉ. अंचल चंद्राकर का शनिवार को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 29 मार्च रविवार को सुबह 8 बजे ग्राम कोड़िया के मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे चुन्नीलाल चंद्राकर के पुत्र, झरना चंद्राकर के पति, हार्दिक के पिता और आनंद व जिमी चंद्राकर के भाई थे।



### श्रीमती कला देवी

**कुम्हारी।** हाउसिंग बोर्ड निवासी श्रीमती कला देवी का निधन शनिवार शाम को हो गया है। उनकी अंतिम यात्रा रविवार 29 मार्च को सुबह 10.30 बजे हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी आरटीआर सी/6 कुम्हारी से मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे वरिष्ठ पत्रकार विक्रम शाह ठाकुर की माताजी थी।



### मनोरमा देवी छाबड़ा

**भिलाई।** वैशाली नगर निवासी 96 वर्षीय मनोरमा देवी छाबड़ा पति स्व. मदन लाल छाबड़ा का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार रामनगर मुक्तिधाम में किया गय। वे विनोद, दिलीप और देवेंद्र छाबड़ा की मां थी।



### समारू खरे

**भिलाई।** चौहान टाउन निवासी बीएसपी से सेवानिवृत्त समारू खरे (68) का आकस्मिक निधन हो गया है। वे मीना खरे के पति एवं विश्वजीत खरे, हरजीत खरे और सत्यजीत खरे के पिता थे। उनका अंतिम संस्कार 29 मार्च को उनके गृहग्राम मुड़यिा मोहरा तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव में किया जाएगा।



### बिल्किश बेगम

**भिलाई।** न्यू प्रेस क्लब भिलाई नगर के सदस्य शमसुद्दीन खान की माता बिल्किश बेगम 66 वर्ष का निधन हो गया है। उनकी अंतिम यात्रा उनके निवास सड़क 19 सेक्टर 2 से रविवार 29 मार्च को सुबह 11 बजे रामनगर कब्रिस्तान के लिए निकलेगी। वे अपने पीछे पति गयासुद्दीन, हामिदा, शाहिदा, रशीदा, शमसुद्दीन खान वो इन्लमुद्दीन खान को छोड़ गई हैं।



## प्रशासन के लापरवाही भरे रवैये से आम लोगों की जान आफत में

# प्रतिबंध के बावजूद सड़कों पर दौड़ रहे भारी भरकम वाहन, हादसों का खतरा कायम

हरिभूमि न्यूज ⏭पाटन

अभनपुर से पाटन राजमार्ग पर इन दिनों सड़क के मोड़ों पर बिखरी रेत, गिट्टी और सीमेंट दुर्घटनाओं का बड़ा कारण बनते जा रहे हैं। ओवरलोड ट्रकों से गिरने वाली निर्माण सामग्री के चलते दोपहिया वाहन चालकों की जान जोखिम में पड़ रही है। मोड़ों पर विशेष रूप से यह समस्या अधिक गंभीर हो जाती है, जहां संतुलन बिगड़ने के कारण वाहन चालक फिसलकर चोटिल हो रहे हैं।

जानकारी के अनुसार भारी वाहनों में क्षमता से अधिक भार लोड किया जा रहा है और अधिकांश ट्रक बिना तिरपाल ढंके ही चल रहे हैं। इसी वजह से रेत, गिट्टी और धूलयुक्त सीमेंट सड़क पर गिरते रहते हैं, जिससे सड़क फिसलन भरी हो जाती है। परिणामस्वरूप बाइक और स्कूटी चालक अक्सर नियंत्रण खो बैठते हैं। हाल ही में तरीघाट निवासी एक दंपत्ति भाटा बड़ी के



**भारी वाहनों के लिए समय सीमा का नहीं हो रहा पालन**

पास फिसलकर घायल हो गए। इससे पहले सोनपुर मोड़ पर भी कई लोग दुर्घटना का शिकार हो चुके हैं। लगातार हो रही इन घटनाओं ने लोगों में भय का माहौल पैदा कर दिया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि सड़क की नियमित सफाई नहीं होने और झाड़ियों की कटाई नहीं किए जाने से भी हादसों की आशंका बढ़ रही है। मोड़ों के आसपास उगी घनी झाड़ियां दृश्यता को बाधित करती हैं, जिससे सामने से आने वाले वाहन समय पर दिखाई नहीं देते। दिन हो या रात, यह समस्या हमेशा बनी रहती है। इसके अलावा आत्मानंद चौक से खोरप जाने वाले मार्ग पर प्रतिबंध के बावजूद भारी वाहनों का आवागमन जारी है। प्रशासन की अनदेखी के कारण ये वाहन तेज गति से गुजरते हैं, जिससे दुर्घटना का खतरा और बढ़ जाता है। खासकर नवरात्रि के दौरान पाटन स्थित शीतला मंदिर और मां महामाया मंदिर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ती है, ऐसे में भारी वाहनों का आवागमन किसी बड़े हादसे को आमंत्रण दे सकता है। आपको बता दे की रोजाना सुबह सुबह भारी भरकम वाहनों चलते है और थाना से गुजरते है फिर भी किसी पुलिस का नजर इन पर नही पड़ी इसी लिए वाहन चालक बेधड़क अपनी मनमर्जी से कोई बाज नहीं आ रही है अब सवाल उठता है कि इन घटनाओं की जिम्मेदारी आखिर किसकी है? आम जनता ने शासन-प्रशासन से मांग की है कि ओवरलोड वाहनों पर सख्त कार्रवाई की जाए, तिरपाल अनिवार्य किया जाए तथा सड़क की नियमित सफाई और झाड़ियों की छंटाई कराई जाए, ताकि समय रहते इन दुर्घटनाओं पर रोक लगाई जा सके।

## अंचल की खबरें

### पूर्व मंत्री रमशीला मिली विधानसभा अध्यक्ष से



**अंडा।** पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह से मिलकर पूर्व कैबिनेट मंत्री रमशिला साहू ने स्वास्थ्य की जानकारी के साथ स्वस्थ जीवन की मंगलकामना माता जगदम्बे भवानी से की। विदित हो पूर्व मुख्यमंत्री व वर्तमान विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह अस्वस्थ होने पर प्रदेश से बाहर स्वस्थ लाभ लेकर वापस रायपुर पहुंचे हैं जहां उनके निवास पहुंच पूर्व कैबिनेट मंत्री रमशिला साहू ने डॉ रमन से भेंट मुलाकात कर कुशलक्षेम लेकर उज्जवल भविष्य की कामना साथ दीर्घायु की कामना किए। रमशिला साहू के साथ बालोद जिला साहू समाज अध्यक्ष महेन्द्र साहू व अन्य साहू समाज के पदाधिकारी भी उपस्थित रहे।

### महाअष्टमी में जनपद अध्यक्ष ने की पूजा अर्चना



**पाटन।** चैत्र नवरात्रि के अष्टमी पर्व पर जनपद पंचायत पाटन की अध्यक्ष कीर्ति नायक ने अपने निर्वाचन क्षेत्र के विभिन्न शीतला माता मंदिरों में पहुंचकर पूजा-अर्चना की तथा क्षेत्रवासियों की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। इस दौरान उन्होंने अपने निर्वाचन क्षेत्र के बटंग, नारधी, अमलीडीह, खम्हरिया, कुरूदडीह सहित अन्य ग्रामों में आयोजित जंवारा कार्यक्रमों में भाग लिया।

### केसरा में भागवत कथा का समापन



**सेलूद।** केसरा में आयोजित श्रीमद भागवत महापुराण की कथा की अंतिम दिन विष्णु अरोड़ा ने गीता उपदेश सुनाए। यहां महा भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमे हजारों की संख्या में श्रोताओं ने प्रसादी ग्रहण किया। जिसमे भगवताचार्य अरोड़ा ने महा प्रसाद वितरण की शुरुवात की। कथा में सरपंच ईश्वर निषाद,राजा राम सिन्हा,चंद्रशेखर सिन्हा,अशोक पटेल,कोमल सिन्हा, इंद्रेवर सिन्हा, कीर्ति सेन एवम भंडारे में राकेश यादव,कमलेश पटेल,राजाराम सिंह,तेजाराम सिन्हा गजानंद ग्रामप्रमुख केसरा, लक्की सिन्हा,टीकाराम सिन्हा पुनारद सिन्हा और सागर सिन्हा सहित बड़ी संख्या में गांव के युवा वर्ग ने अपनी सहभागिता दी।

### कर्मा महोत्सव व प्रतिभा सम्मान समारोह आज

**जामुल ।** ग्राम कुरूद में 29 मार्च रविवार को भक्ति माता कर्मा की 1010वीं जयंती के अवसर पर तहसील स्तरीय कर्मा जयंती महोत्सव व प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया है। जिसमें प्रातः कलश यात्रा के पश्चात भक्त माता कर्मा की पूजा आरती व ध्वजारोहण के पश्चात सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं प्रतिभा सम्मान समारोह होगा। मुख्य अतिथि पूर्व अध्यक्ष प्रदेश साहू समाज संघ व पूर्व गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता नंदलाल साहू अध्यक्ष जिला साहू संघ दुर्ग करेंगे। अति विशिष्ट अतिथि वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन होंगे। विशेष अतिथि दुर्ग जिले के साहू समाज के पूर्व मंत्री एवं विधायक व पार्षद एवं जनप्रतिनिधि गण उपस्थित रहेंगे । कुरूद साहू समाज अध्यक्ष रामजी साहू ने सामाजिक बंधुओं के साथ-साथ क्षेत्र के नागरिकों से अपील की है।

### परिक्षेत्रीय कर्मा जयंती समारोह आज आमटी में

**अंडा।** परिक्षेत्रीय कर्मा जयंती समारोह 29 मार्च को आमटी में आयोजित है। मुख्य अतिथि ताम्रध्वज साहू (पूर्व गृहमंत्री) होंगे। विशेष अतिथि ललित चंद्राकर (विधायक दुर्ग ग्रामीण) और रमशीला साहू पूर्व कैबिनेट मंत्री होंगे। अध्यक्षता दुर्गा पुरुषोत्तम चौधरी (सरपंच ग्राम आमटी) करेंगे। सम्माननीय अतिथि नंदलाल साहू (जिला अध्यक्ष दुर्ग साहू समाज), पुराऊ राम साहू (तहसील अध्यक्ष ग्रामीण साहू समाज दुर्ग), रमेश साहू (पूर्व कार्यकारिणी अध्यक्ष छत्तीसगढ़ साहू समाज), रामकिसुन साहू व अन्य उपस्थित रहेंगे।

## ‘मन की बात’ का आज अहिवारा में सामूहिक श्रवण कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭नंदिनी अहिवारा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय कार्यक्रम “मन की बात” के 132वें एपिसोड के अवसर पर भाजपा प्रदेश संगठन के निर्देशानुसार भाजपा किसान मोर्चा, दुर्ग संभाग द्वारा सामूहिक श्रवण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम मंगल भवन, अहिवारा (वार्ड क्रमांक–3) में 29 मार्च रविवार को सुबह 11.00 बजे आयोजित होगा। इस गरिमामय कार्यक्रम में मुख्य रूप से किरण सिंहदेव (प्रदेशाध्यक्ष, भाजपा छत्तीसगढ़), गजेंद्र यादव (मंत्री, स्कूल शिक्षा विभाग, छत्तीसगढ़ शासन) एवं आलोक सिंह ठाकुर (प्रदेशाध्यक्ष, भाजपा किसान मोर्चा, छत्तीसगढ़) की विशेष उपस्थिति रहेगी।



कार्यक्रम के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा देशहित, जनजागरण, नवाचार, किसानों एवं समाज के विभिन्न वर्गों से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर साझा किए जाने वाले विचारों का सामूहिक श्रवण किया जाएगा। “मन की बात” ने देशवासियों को एक सूत्र में बांधते हुए जनभागीदारी को सशक्त करने का कार्य किया है, जिससे समाज में सकारात्मक परिवर्तन की भावना को बल मिला है।

भाजपा किसान मोर्चा द्वारा आयोजित यह कार्यक्रम किसानों, कार्यकर्ताओं एवं आमजन के लिए प्रेरणादायक रहेगा तथा प्रधानमंत्री जी के विचारों को जमीनी स्तर तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। सभी जनप्रतिनिधियों, कार्यकर्ताओं एवं आम नागरिकों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की गई है।

## धनोरा में राम नवमी पर जोत जंवारा विसर्जन

हरिभूमि न्यूज ⏭अंडा

बाबा दरबार पावन धाम धनोरा दुर्ग में 26 मार्च गुरुवार को शाम 4 बजे दरबार के लक्ष्मण बाबा पंडित विनय द्विवेदी द्वारा हवन किया गया। जिसमें सभी भक्तों ने हवन कुंड में हवन डाल कर अपने घर परिवार की मंगल कामना की प्रार्थना की। शुक्रवार 27 मार्च शाम 4 बजे दरबार से जोत जवारा विसर्जन गली भ्रमण के लिए रवाना हुआ। यह बजरंग पारा बजार चौक मेन गली, शीतला पारा होते हुए सीधे शीतला तालाब



पहुंचा जहां पर दरबार के लक्ष्मण बाबा, नंद पंडा और राजू यादव द्वारा खप्पर एवं जोत जवारा की पूजा की गई और फिर जोत जंवारा विसर्जन किया गया। गुलाब साहू एवं हेमंत साहू की मंडली माता सेवा भजन गाते हुए चल रही थी। यहां हजारों भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। यह जानकारी चन्द्र कांत कोसरे एवं कुंज लाल साहू ने दी।

### रामनवमी पर्व निपानी में निकली भव्य शोभायात्रा

**पाटन ।** रामनवमी पर्व के अवसर पर ग्राम निपानी में श्रीराम-जानकी की विशाल शोभायात्रा निकाली गई। सिन्हा भवन के पास स्थित राम मंदिर में पंडित विकास पांडे ने रामदरबार में विधिवत पूजा अर्चना कर श्रीराम रथ को ग्राम भ्रमण भव्य डीजे के साथ रवाना किया। राम दरबार में जिप दुर्ग के पूर्व उपाध्यक्ष, विधायक प्रतिनिधि अशोक साहू,ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष/सरपंच राजेश ठाकुर,जनपद सदस्य दिनेश साहू, जनपद प्रतिनिधि भेदप्रकाश वर्मा एवं वरिष्ठजनों ने सियाराम और हनुमान की पूजा अर्चना कर क्षेत्रवासियों की सुख,समृद्धि,खुशहाली की मंगलकामना की। विधायक प्रतिनिधि अशोक साहू ने रामनवमी की बधाई दी। इस दौरान नेतराम वर्मा, झुमुक रघुवंशी,धनेश सिन्हा,कुंजबिहारी सिन्हा,रमेश साहू,ऐश्वर्य ठाकुर,बंशी सिन्हा,हितेंद्र सिन्हा,हेमनाथ सिन्हा,डामेश्वर साहू,गौरव सिन्हा,राहुल रघुवंशी,अजय साहू,रवि साहू,ओमप्रकाश रघुवंशी,दीपक रघुवंशी,ईशु सिन्हा,छत्रपाल सिन्हा,प्रीतम रघुवंशी,सन्नी सिन्हा, मिथलेश सोनकर और मिलाप साहू आदि मौजूद थे।



### सशिमंउमावि वार्षिक परीक्षाएं जारी



**जामगांव आर।** सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जामगांव-आर सहित प्रदेश के विद्यालयों में वार्षिक परीक्षा प्रारंभ हुई। कक्षा षष्ठ, सप्तम, नवम और एकादश की वार्षिक परीक्षा शुरू हुई। कक्षा षष्ठ, सप्तम, नवम तथा एकादश के विद्यार्थी ने परीक्षा दिलाई। कक्षा षष्ठ में प्रथम पेपर हिंदी, सप्तम अंग्रेजी,नवम हिंदी तथा एकादश में अंग्रेजी पेपर से परीक्षा की शुरुआत हुई। अन्य कक्षाओं की परीक्षा भी इसी क्रम में नियत समय पर संचालित करने समय सारिणी विधार्थियो में वितरित हो चुकी है।

### जोत जंवारा विसर्जन के लिए निकाली गई शोभायात्रा



**ननकट्ठी।** ग्राम ननकटठी में जोत जंवारा विसर्जन के लिए शोभा यात्रा निकाली गई। सर्वप्रथम हनुमान मंदिर से जोत जंवारा निकाल बाजार चौक, बावली चौक होते हुए मां चंडिका मंदिर पहुंचीं। वहां से मां शीतला मंदिर में पहुंचीं। तीनों मंदिरों और ग्राम के घरों से निकली जोत जंवारा का विसर्जन 25 एकड़ में बने तालाब में किया गया। माता रानी की सेवा गीत गाते हुए भजन मंडलियों के सदस्य, पीछे-पीछे माता रानी की जयकारा लगाते मां महामाया मंदिर, मां चंडिका मंदिर और मां शीतला मंदिर के सदस्य सहित ग्रामीण भक्तजन माता रानी की जयकारा लगाते साथ-साथ चल रहे थे।

## बिजनेस साइट

### रेजॉय सोलर पॉवर में मिल रही केंद्र की बड़ी सब्सिडी, 10 हजार तक फ्री गिफ्ट ऑफर

**भिलाई।** रेजॉय सोलर पावर के डायरेक्टर अभिजीत राय ने बताया कि सोलर प्लांट की क्षमता 1 किलोवाट का सोलर प्लांट लगाने पर 30 हजार रुपए के केंद्रीय सब्सिडी और 15 हजार रुपए के राज्य सरकार की सब्सिडी कुल 45 हजार रुपए की सब्सिडी का लाभ मिलेगा। इसी प्रकार 2 किलोवाट में कुल 90 हजार और 3 किलोवाट के सोलर प्लांट लगाने पर कुल 1 लाख 8 हजार के सब्सिडी का लाभ मिलेगा। सोलर प्लांट के लिए मात्र 5.75 प्रतिशत दर पर लोन उपलब्ध है जिसमें प्रोसेसिंग चार्ज फ्री है। सोलर प्लांट लगाने वाले व्यक्ति को 10 हजार रुपए तक के फ्री गिफ्ट का ऑफर दिया जा रहा है। सोलर पॉवर से 90 प्रतिशत बिजली बिल बचाई जा सकती है। रेजॉय सोलर पॉवर टॉप ब्रांड्स के साथ काम करते हैं जैसे टाटा पॉवर, अडानी पॉवर, वारी वन वीथ सन, यूटीएल, माइक्रोटेक लुमिनोस, पोलीकेब, केईआई वायर्स एंड केबल, हेवल्स, अपने लिए रेजॉय सोलर पॉवर आज ही बुक करें और बिजली बिल से छुटकारा पाएं। अधिक जानकारी के लिए प्रगतिनगर रिसाली भिलाई नजदीक समायरा इन छत्तीसगढ़ में स्थित रेजॉय सोलर पॉवर के आफिस में संपर्क किया जा सकता है।



**// न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार भिलाई नगर, जिला दुर्ग (छ.ग.) //**

**व्यक्तिगत सूचना**

रा.प्र.क्र. / 202511101000107/अ-05/ वर्ष 2025-26

प्रति,
प्रतिनिधि,
झूमरलाल टावरी पिता जोहरमल टावरी 12/16, प्रियदर्शिनी परिसर पश्चिम, भिलाई
पक्षकार :-राजेश टावरी आ. भंवर लाल टावरी निवासी नेहरूनगर, भिलाई
अनावेदक- झूमरलाल टावरी पिता जोहरमल टावरी 12/16, प्रियदर्शिनी परिसर पश्चिम, भिलाई

आपको सूचित किया जाता है कि इस न्यायालय का रा.प्र.क्र. 202511101000107/अ-05/ वर्ष 2025-26 आवेदक राजेश टावरी आ. भंवर लाल टावरी निवासी नेहरूनगर, भिलाई द्वारा ग्राम कोहका, प.ह.नं. 45, रा.नि.मं. कोहका, तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमिस्वामी हक की भूमि बंदोबस्त खसरा नं. 19/3 रकबा 3.463 हे. था, जो बंदोबस्त पश्चात रकबा में कमी हो गया है, के सुधार के संबंध में आवेदन प्रस्तुत किया गया है, जिस पर प्रकरण न्यायालय में लंबित है। अतः उपरोक्त भूमि के संबंध में आपको आपत्ति या उज्र दावा हो तो सुनवाई दिनांक 06/04/2026 तक या उसके पूर्व स्वयं या अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आवेदन पत्र पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 23/03/2026 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर से जारी किया गया है।

(मुहर) अतिरिक्त तहसीलदार
भिलाई नगर





विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, रविवार 29 मार्च 2026

[ भिलाई | दुर्ग | भिलाई-3 | कुम्हारी | जामुल | उतई | सेलूद | पाटन | अहिवारा | मुरमुंदा | धमधा | अण्डा | जामगांव - आर ]




### शिक्षा में गुणवत्ता लाने के लिए सीजी बोर्ड ने मूल्यांकन में किया बड़ा बदलाव

# पहली से लेकर ग्याहरवीं तक लोकल परीक्षा के रिजल्ट में बदलाव, इस बार तिमाही, अर्द्धवार्षिक और वार्षिक के अंक मिलाकर बनेगा रिजल्ट

देवीलाल साहू ▶▶| भिलाई

छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल ने पहली बार मूल्यांकन में बड़ा बदलाव किया है। शिक्षा गुणवत्ता लाने के लिए यह बदलाव किए गए है जो सीबीएसई पैटर्न जैसा है। पहली से लेकर ग्यारहवीं तक की लोकल कक्षाओं का रिजल्ट तीन परीक्षाओं में मिले अंक के आधार पर बनेगा। प्राइमरी स्तर पर कक्षा पहली, दूसरी, तीसरी, चौंथी और मिडिल स्तर पर छठवीं एवं सातवी और उच्चतर माध्यमिक स्तर पर नवमीं और ग्याहरवीं कक्षाओं के रिजल्ट नई गाइड लाइन के हिसाब से बनेंगे। दुर्ग जिले के सरकारी स्कूलों में लोकल परीक्षाएं शुरू हो गई है। कक्षा 9वीं और 11वीं की परीक्षाएं बुधवार 25 मार्च से शुरू हो गई हैं। ये परीक्षाएं छह अप्रैल तक चलेंगी। इस बीच पांचवी और आठवीं की केंद्रीयकृत बोर्ड परीक्षा भी ली जा चुकी है। इन दोनों कक्षाओं के रिजल्ट भी इस बार नए गाइड लाइन से बनाएं जाएंगे। खास बात यह है कि ये गाडड लाइन केवल सरकारी स्कूलों में ही नहीं बल्कि अनुदान प्राप्त व सीजी बोर्ड से संबद्धता वाले निजी स्कूलों के लिए भी लागू होंगे।



#### जिले में विद्यार्थियों की स्थिति

| ब्लॉक | कुल शासकीय स्कूल | दर्ज संख्या |
|---|---|---|
| दुर्ग | 439 | 65971 |
| पाटन | 338 | 36288 |
| धमधा | 328 | 40088 |
| कुल | 1105 | 142347 |

#### इस तरह मूल्यांकन में बदलाव

**प्राइमरी और मिडिल स्तर**

कक्षा पहली, दूसरी, दीसरी, चौंथी, छटवीं एवं सातवीं की वार्षिक परीक्षा में त्रैमासिक परीक्षा में प्रत्येक विषय में प्राप्त अंकों का 20 प्रतिशत जुड़ेंगे। छःमाही परीक्षा में प्रत्येक विषय में प्राप्त अंकों का 20 प्रतिशत अधिभार के रूप में जोड़ा जाएगा। अर्थात त्रैमासिक का 20 प्रतिशत, छःमाही का 20 प्रतिशत एवं वार्षिक का 60 प्रतिशत मिलाकर परीक्षा परिणाम तैयार किए जाएंगे।

**पाचवीं और आठवीं बोर्ड**

कक्षा पाचवीं व आठवीं में वार्षिक परीक्षा में छःमाही परीक्षा में प्रत्येक विषय में प्राप्त अंकों का 30 प्रतिशत अधिभार के रूप में जोड़ा जाएगा। अर्थात छः माही का 30 प्रतिशत एवं वार्षिक का 70 प्रतिशत मिलाकर परीक्षाफल तैयार किए जाएंगे।

**नवमी व ग्यारहवीं**

इसी तरह कक्षा नवमीं और ग्याहरवीं के लिए भी छःमाही परीक्षा में प्रत्येक विषय में प्राप्त अंकों का 30 प्रतिशत अधिभार के रूप में जोड़ा जाएगा। अर्थात छःमाही का 30 प्रतिशत एवं वार्षिक का 70 प्रतिशत मिलाकर परीक्षाफल तैयार किए जाएंगे।

**" शैक्षिक गुणवत्ता व मूल्यांकन प्रणाली में होगा सुधार**

शैक्षिक गुणवत्ता व मूल्यांकन प्रणाली में सुधार को दृष्टिगत रखते हुए लोकल परीक्षाओं के रिजल्ट इस बार तीन स्टेप की परीक्षाओं को मिलाकर तैयार किए जाएंगे। सीजी बोर्ड से संबंधित सभी सरकारी, अनुदान प्राप्त व निजी स्कूलों में यह गाइड लाइन लागू होना है। इसकी जानकारी हमने संस्था प्रमुखों को भेज दी है।

-अरविंद कुमार मिश्रा, डीईओ

**इसलिए हो रहा यह बदलाव**

छत्तीसगढ़ सरकार शिक्षा सत्र 2025-26 में शिक्षा गुणवत्ता अभियान शुरू की है। इस अभियान के तहत स्कूलों की सोशल ऑडिट की गई है। इसकी रिपोर्ट छग स्कूल शिक्षा विभाग को गई है। दुर्ग सहित पूरे जिलेभर में इस अभियान के बाद वार्षिक परीक्षाएं ली जा रही है। तिमाही, छिमाही और वार्षिक परीक्षा के अंक को मिलाकर रिजल्ट तैयार करने से विद्यार्थियों की वास्तविक स्थिति का आंकलन किया जा सकेगा। शिक्षकों की अध्यापन का स्तर भी पता चलेगा और उसमें सुधार के लिए आगामी शैक्षणिक सत्र वर्ष 2026-27 में नई कार्ययोजना को अंजाम दिया जा सकता है।

**830 निजी स्कूलों में भी लागू होंगे ये निर्देश**

दुर्ग जिले में सीजी बोर्ड से संबद्धता वाले 830 निजी स्कूल हैं। इन स्कूलों के विद्यार्थियों की लोकल परीक्षाओं का मूल्यांकन व रिजल्ट नई गाइड लाइन के हिसाब से होना है। छग माध्यमिक शिक्षा मंडल ने पांचवी और आठवीं की इस साल केंद्रीयकृत बोर्ड परीक्षा ली है। शुरूआत में निजी स्कूलों ने इसका विरोध किया लेकिन हाईकोर्ट से राहत नहीं मिली और परीक्षा में शामिल होना पड़ा। इस बार भी बोर्ड के गाइड लाइन का लोकल परीक्षाओं में जिला शिक्षा विभाग कितना पालन करवा सकेगा, यह बड़ा सवाल है।

## बीएसपी के तीन सीजीएम का ट्रांसफर श्रीनिवासन को टाउनशिप का चार्ज

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र में तीन अधिकारियों का ट्रांसफर किया गया है। टाउनशिप के सीजीएम रहे उत्पल दत्ता को शॉप्स भेजा गया है। उनकी जगह एबी श्रीनिवासन को टाउनशिप की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसी प्रकार हरीश सचदेव को सीजीएम शॉप्स से एमआरडी का सीजीएम बनाया गया है। इसी प्रकार विशाल गुप्ता को सीजीएम यूआरएम से प्रोजेक्ट की सीजीएम बनाया गया है। प्रशासनिक कसावट के लिए यह तबादला किया गया है।




## पेंटर की लाश संदिग्ध अवस्था में मिली मौके से सुसायडल नोट भी मिला

### स्मृति नगर पुलिस कर रही है जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

पेंटर की संदिग्ध अवस्था में लाश मिलने से सनसनी फैल गई। मामले में पुलिस मौके पर पहुंची और शव का पंचानाम कर उसे पीएम के लिए अस्पताल भेज दिया है। स्मृति नगर चौकी प्रभारी राजेश साहू ने बताया कि हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी कोहका निवासी मोहन रामटेक 42 वर्ष की लाश मकान में मिली। मौके से एक सुसाइड नोट में मिला है। मृतक पेंटिंग का काम करता था। शनिवार को उसकी मां का भिलाई के अस्पताल में ऑपरेशन होना था। जिस कारण परिवार के सभी लोग रात से अस्पताल में थे। मकान में सिर्फ मोहन की था। 28 मार्च की सुबह पत्नी घर पहुंची, तो दरवाजा भीतर से बंद मिला। मकान मालिक इसकी जानकारी दी गई। पड़ोसियों की मदद से किसी तरह दरवाजा खोला गया। भीतर मोहन की लाश संदिग्ध अवस्था में पड़ी मिली। मृतक किराए के मकान में रहता था। पुलिस को जानकारी देने के बाद टीम पहुंची। एएसपी सुखनंदन राठौर और सीएसपी सत्य प्रकाश तिवारी मौके पर पहुंचे थे। सुसायडल नोट जब्त कर जांच में लिया है। सुसाइड नोट में मैं मोहन रामटेके अपने होसों हवास में यह बात लिख रहा हूं कि राजू पाल और सोनिया गोस्वामी सट्टा चलाते हैं। वो मुझे लगातार धमकी दे रहे हैं कि एक लाख रुपए दो नहीं तो पुलिस में फंसाकर जेल भिजवा देंगे। सोनिया गोस्वामी दोनों मृतक को ब्लैकमेल कर रहे थे। मृतक ने अपनी मौत का जिम्मेदार दोनों को ठहराया है। फिलहाल राजू व सोनिया के मामले में जांच के बाद ही कारण स्पष्ट हो पाएगा। दोनों पर मृतक ने गंभीर आरोप भी लगाए है।



### बकरा चोर को पुलिस ने किया गिरफ्तार, भेजा गया जेल

**भिलाई।** बकरा चोरी करने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि बजरंग चौक ग्राम जोरातराई निवासी बन्नी अली ने शिकायत किया। पुलिस ने जांच कर बकरी चोर की सूचना पर आजाद चौक रूआबांधा निवासी मोहम्मद शफी, ओमप्रकाश वर्मा को पकड़ा गया। दोनों को पकड़ने के लिए पुलिस ने आसपास में लगे सीसी कैमरों को खंगाला गया। दोनों आरोपी को कैमरे में दो बकरा ले जाते हुए फूटेज में पाया गया। आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर घटना को अंजाम देना स्वीकार किया। मिले रकम को खर्च करना बताया है। घटना बजरंग चौक, ग्राम जोरातराई उतई का है।

## हत्या का प्रयास करने वाले को पुलिस ने पकड़ा

**भिलाई।** हत्या का प्रयास करने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि आम्रपाली वनांचल सिटी जामुल निवासी मंजीत सिंह ने शिकायत किया है कि आरोपी कुरुद कोहका निवासी लखन साहू द्वारा कॉलोनी में खड़ी वाहन सीजी 04 एनआर 9009 को चालू कर आसपास खड़ी अन्य वाहनों को ठोकर मारकर डेमेज कर दिया। पीड़ित ने मौके पर पहुंचकर आरोपी को रोकने का प्रयास किया मगर उसने जान से मारने की नियत से वाहन चढ़ाने का प्रयास किया। पुलिस ने आरोपी लखन को घेराबंदी कर पकड़ा गया। आरोपी को न्यायालय में प्रस्तुत किया।



## गांजे के साथ गिरफ्तार युवक को 29 दिन का कारावास

**दुर्ग।** पाटन थाना अंतर्गत सतनाम भवन की पीछे बठेना रोड में 1.900 किलोग्राम गांजा के साथ गिरफ्तार भूपेश को कोर्ट ने 29 दिन के कारावास और 10 हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया। राशि अदा नहीं करने पर आरोपी को 3 माह अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। न्यायाधीश पीके मरकाम के न्यायालय से यह फैसला आया। प्रकरण के मुताबिक घटना 4 मार्च 2025 की शाम करीब 5:47 बजे की है। सतनामी पारा पाटन निवासी भूपेश पिता राम कृष्ण पटेल (21 वर्ष) को पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर घटना स्थल से गांजे के साथ गिरफ्तार किया। आरोपी के विरुद्ध नारकोटिक्स एक्ट 20 (ख) के अपराध दर्ज कर प्रकरण विचारण के लिए न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। जहां से आरोपी पर दोष सिद्ध पाया गया। मामले में शासन की तरफ से पैरवी विशेष लोक अभियोजक सूरज शर्मा ने की।




### 17 अगस्त 1992 को सेल से जुड़े थे डॉ. पंडा

# डॉ. अशोक कुमार पंडा बने सेल चेयरमैन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

डॉ. अशोक कुमार पंडा को स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड सेल के नए चेयरमैन और सीएमडी के नए मैनेजिंग डायरेक्टर बनाया गया है। यह आदेश 28 मार्च को जारी किया गया है।



■ इंजीनियरिंग में स्नातक होने के बाद राउरकेला प्लांट में दी सेवाएं

डॉ. पंडा का सफर 17 अगस्त 1992 को सेल में एक प्रबंधन प्रशिक्षु के रूप में शुरू हुआ। इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग में स्नातक होने के बाद उन्होंने राउरकेला स्टील प्लांट में अपनी सेवाएं दीं। वहां वे कई वरिष्ठ अधिकारियों के साथ कार्य करते हुए संगठन के विभिन्न पहलुओं को गहराई से समझने में सफल रहे। राउरकेला स्टील प्लांट के सीईओ के तकनीकी सहायक (टीए) के रूप में कार्य करते हुए उन्होंने प्रशासनिक और रणनीतिक निर्णयों की बारीकियों को सीखा। इसके बाद उनका सफर कॉर्पोरेट ऑफिस तक पहुंचा, जहां उन्होंने लंबे समय तक कार्य करते हुए वित्तीय और प्रबंधकीय अनुभव को और मजबूत किया।

साल 2021 में वे भिलाई स्टील प्लांट में सीजीएम फाइनेंस के रूप में आए, जहां उनकी कार्यशैली और नेतृत्व क्षमता ने उन्हें शीघ्र ही पहचान दिलाई। 15 जून 2022 को उन्हें ईडी फाइनेंस बनाया गया और फिर अप्रैल 2025 में सेल के डायरेक्टर फाइनेंस के रूप में नियुक्त किया गया। यह निरंतर प्रगति उनकी मेहनत, प्रतिबद्धता और योग्यता का प्रमाण है। वित्त क्षेत्र में अपनी उपलब्धियों के अलावा उन्होंने खनन प्लांट परियोजनाएं आदि क्षेत्रों में योगदान दिया है। उन्हें लागत प्रबंधन में उत्कृष्टता के लिए जवाहर पुरस्कार 2022 जैसे सम्मान से नवाजा जा चुका है। वे युवा प्रबंधकों के लिए चैयरमेन ट्रॉफी में उपविजेता भी रह चुके हैं। वे विदेशी संस्थाओं से प्रशिक्षण भी ले चुके है।

**कई महत्वपूर्ण भूमिका निभाई**

अपने पूरे कार्यकाल के दौरान, डॉ. पांडा ने सेल की वित्तीय स्थिति को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने कई प्रमुख पहलों का नेतृत्व किया है, जिनमें ऋण कम करने के प्रयास, लागत अनुकूलन, रेल मूल्य निर्धारण रणनीति, अचल संपत्ति बिक्री नीति, कर अनुकूलन, ई-इनवॉइसिंग का कार्यान्वयन और सेल की विभिन्न यूनिट्स में पारदर्शिता और दक्षता बढ़ाने के लिए डिजिटल इनवॉइसिंग की शुरुआत शामिल है। अपनी कॉर्पोरेट जिम्मेदारियों के अलावा, डॉ. पांडा ने सेल के कई संयुक्त उद्यमों और सहायक कंपनियों के बोर्ड में नामित निदेशक के रूप में भी कार्य किया है, जिससे कंपनी के वित्तीय प्रशासन को और मजबूती मिली है।

# हरिभूमि लाइव

रायपुर, रविवार 29 मार्च 2026

Email id- haribhoomibhilai@gmail.com

0788- 4091720, Message at 7747020002, 9755819129


## लाइव इवेंट

## राम भक्तों ने दिन भर उपवास रखकर निकाली पालकी यात्रा



**भिलाई।** हरे कृष्णा मूवमेंट अक्षय पात्र भिलाई द्वारा राम नवमी महोत्सव का आयोजन किया गया। राम नवमी महोत्सव के आयोजन में हजारों भक्त शामिल हुए और राम नाम का जप और कीर्तन का सिलसिला देर शाम तक चलता रहा। इस अवसर पर अक्षय पात्र प्रांगण को रंग-बिरंगे सुगंधित फूलों से सजाया गया, साथ ही शाम को प्रभु राम की पालकी यात्रा हरि कीर्तन कर निकाली गई। अक्षय पात्र के वरिष्ठ प्रभु व्योम पाद ने बताया कि इस दिन भगवान राम अयोध्या में राजा दशरथ और माता कौशल्या के पुत्र स्वरूप प्रकट हुए थे। जिसका उत्सव अक्षय पात्र में भी मनाया गया। राम नवमी के अवसर पर भक्तों ने पूरे दिन उपवास किया और श्री राम के पवित्र नामों का जप कर तथा रामायण सुनकर उनका ध्यान किया।

इस अवसर पर मंदिर प्रांगण को रंग बिरंगे फूलों से सजाया गया, साथ ही एक मंडप में राम दरबार की स्थापना की गई। शाम के समय रामतारक यज्ञ का आयोजन हुआ। जिसमें सभी भक्तों ने यज्ञ में आहुति प्रदान की। जिसके बाद मंदिर परिसर में भगवान की दिव्य पालकी निकाली गई। भगवान के नाम पाठ एवं दिव्य कीर्तन से पूरा वातावरण गुंजायमान हो गया। शयन आरती के साथ श्री नाम रामायण का पाठ किया गया, जिसमें संपूर्ण रामायण का संक्षेप में वर्णन किया गया। सभी भक्तों को भगवान राम का दिव्य प्रसादम वितरित किया गया।



● रूंगटा यूनिवर्सिटी के टेक-फेस्ट व्योम में हुई सेलिब्रेटी नाइट

# बॉलीवुड सिंगर निखिता व्योम में पहुंची, कैंपस बना डांस फ्लोर

**जी करदा दिला दूं तैनू बुर्ज खलीफा... गाने की बीट जैसे ही गूंजी, रूंगटा इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी का पूरा कैंपस झूम उठा। शनिवार को यूनिवर्सिटी के सालाना टेक फेस्ट व्योम के तहत हुई इस सेलिब्रिटी नाइट में बॉलीवुड की फेमस प्लेबैक सिंगर निखिता गांधी ने आते ही माहौल को हाई एनर्जी में बदल दिया। शाम से ही स्टूडेंट्स की भीड़ ग्राउंड में जमा होने लगी थी, लेकिन जैसे ही निकिता स्टेज पर आईं, शोर, तालियां और हूटिंग ने पूरे माहौल को अलग ही लेवल पर पहुंचा दिया।**





**भिलाई के जुनून, एनर्जी और पॉजिटिव एटीट्यूड की खूब तारीफ की...**

**भिलाई।** बुर्ज खलीफा से शुरुआत करते ही हर कोई डांस करने लगा। ऐसा लग रहा था जैसे पूरा कैंपस एक बड़े म्यूजिक पार्टी में बदलगया हो। इसके बाद निखिता ने अपने ऑल टाइम फेवरेट सॉन्ग दिलबर, रफ्ता-रफ्ता और इक्क कुड़ी जैसे अपने सुपरहिट गानों की लाइन लगा दी। हर गाने के साथ स्टूडेंट्स की एनर्जी और बढ़ती चली गई। कोई अपने दोस्तों के साथ झूम रहा था, तो कोई मोबाइल में वीडियो बनाते हुए हर पल को कैद कर रहा था। चारों तरफ सिर्फ म्यूजिक, मस्ती और एक्साइटमेंट ही नजर आ रहा था।



### कहा, इस शहर में अलग ही फील

कॉन्सर्ट के बीच में निखिता ने स्टूडेंट्स को बताया कि, फ्लाइट में बैठकर जब मैं भिलाई आ रही थी, तब मैंने भिलाई के बारे में रिसर्च की, तभी से मुझे एक अलग सा एहसास हो रहा था। जैसे ही यहां पहुंची, वह एहसास और भी मजबूत हो गया। भिलाई सच में एक एजुकेशन हब है, यहां हर तरफ स्टूडेंट्स में कुछ करने का जुनून दिखता है। मुझे सबसे ज्यादा जो चीज खास लगी, वह यहां के युवाओं की एनर्जी और उनका पॉजिटिव एटीट्यूड है। यहां के लोग बहुत ही दिल से जुड़े हुए और अपनापन देने वाले हैं। स्टेज पर आते ही जो प्यार और रिस्पॉन्स मिला, वह मेरे लिए बहुत स्पेशल रहा। ऐसा कनेक्शन हर जगह नहीं बनता। मुझे लगा जैसे मैं किसी अपने शहर में परफॉम कर रही हूं। छत्तीसगढ़ के लोग सच में बहुत ही गर्मजोशी से भरे हैं और यहां का माहौल दिल को छू लेने वाला है। मैं यहां की इस एनर्जी और प्यार को हमेशा याद रखूंगी।

### किसी गीत जैसी है जिंदगी

कॉन्सेर्ट के बाद सिंगर निखिता ने दिल की बात जुबान पर लाई। गोरे गोरे मुखड़े पर गीत के साथ इश्क-विश्क, प्यार-व्यार, ओ सजना, लेकर प्रभु का नाम और नांच मेरी जान सहित एक से बढ़कर एक नए-पुराने गीतों की झड़ी लगाने के बाद उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ के युवा बेहद टैलेंटेड हैं। एजुकेशन फील्ड से लेकर सिंगिंग हर जगह छाप छोड़ रहे हैं। उन्होंने कहा, जिंदगी एक गीत है, हर एक को इसे हंसते हुए गुनगुनाना चाहिए। जिंदगी के हर एक पल को बड़े ही प्यार, सामान और इज्जत के साथ जीना चाहिए। उनका सुझाव था की जो भी करो सच्ची लगन और कड़ी मेहनत से करो। इसी से सफलता मिलेगी। माता-पिता के लिए सबसे ख़ुशी की बात तब होती है जब वो अपने बच्चों के कारण समाज, देश और विदेश में अपने नाम के साथ साथ उनका भी नाम रौशन करते हैं। अपने रुचि के काम और जुनून को पहचानकर अपने देखे सपने की ओर लगातार आगे बढ़ते रखें। यकीन मानिए सपने सच होते है अगर दिल से प्रयास करें।

### आज आएंगे सुपर-30 आनंद कुमार

पांच दिनों के इस टेक फेस्ट के तहत रविवार को मोटिवेशनल स्पीकर और सुपर-30 फेम आनंद कुमार बतौर मुख्य अतिथि पहुंचेंगे। वे हजारों विद्यार्थियों के साथ अपनी जर्नी साझा करने के साथ उन्हें कॅरियर के लिए जरूरी टिप्स भी देंगे। इस दौरान व्योम में हुए करीब 40 गेम्स और स्पर्धा के विजेताओं को उनके हाथों पुरस्कृत होने का मौका भी मिलेगा।

## सम्राट अशोक की जयंती पर पुष्प अर्पण कर की गई बुद्ध धर्म और संघ वंदना

**भिलाई।** बुद्धभूमि परिसर कोसानगर भिलाई में प्रियदर्शी सम्राट अशोक की 2331 वी जयंती के अवसर पर तथागत भगवान बुद्ध की मूर्ति के सामने दीप प्रज्वलित कर पुष्प अर्पण कर बुद्ध, धर्म एवं संघ वंदना की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता बौद्ध कल्याण समिति अध्यक्ष नेकराम रामटेके ने की।

इस अवसर पर कार्यक्रम अशोक धवले, भारतीय बौद्ध महासभा, सेक्टर 6 अध्यक्ष विनोद वासनिक, चंद्रशेखर गवई, अनिल साखरे, बालेश्वर चौरे, अनिल मेश्राम, दानशीला रामटेक, कोमलताई चंद्रिकापुरे, मीनाताई नारनौरे सहित अन्य जन प्रमुख रुप से उपस्थित थे। इस दौरान सभी ने सम्राट अशोक के जीवन से सीख लेने की बातें कही, साथ ही समाज के उत्थान के लिए विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई। इस अवसर पर बंटी चौरे दुर्ग, सविता मेश्राम पूर्व अध्यक्ष भारतीय बौद्ध महासभा सेक्टर 6, रविंद्र घाडगे, नरेंद्र खोब्रागड़े, बौद्ध कल्याण समिति के उपाध्यक्ष दिग्विजय मेश्राम, कोषाध्यक्ष राजकुमार मेश्राम, संयुक्त सचिव, चुनेश्वर गजभिए, जयंत खोब्रागड़े, रंजू खोबरागड़े, बुद्धशरण बोरकर, नंदागौली, उर्मिला मेश्राम, शैलेंद्र मेश्राम, कोमल मेश्राम, सुशील रामटेक, मंगला रामटेके, युवा संगठन के लतीश रामटेक ने भी सम्राट अशोक के बारे में अपने विचार रखें। धवले ने भिक्षु निवास बनाने के लिए अपनी सहमति जाहिर की। कार्यक्रम में अनिल गजभिये, पल्लवी चंद्रिकापुरे, पूर्णिमा मेश्राम, मीनाक्षी मून एवं अन्य उपासक उपासिकाएं उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन बौद्ध कल्याण समिति कोसानगर सचिव जविन्द्र सोनटके ने की।



## बढ़ रही गर्मी से स्काउट-गाइड राहगीरों की बुझाएंगे प्यास, खोला गया प्याऊ घर

**भिलाई।** प्रतिदिन एक अच्छा काम करो के नेक विचार के साथ भिलाई जिला संघ स्काउट-गाइड की ओर से राहगीरों के लिए प्याऊ घर की व्यवस्था की गई। स्काउट गाइड जिला भिलाई और बीएसपी शिक्षा विभाग के नेतृत्व में वर्ष भर स्काउट गाइड की ओर से गतिविधियों जारी रहती है। जिसमें समय-समय पर पर्यावरण संरक्षण एवं महापुरुषों की जन्म और पुण्यतिथियों को श्रद्धा पूर्वक मनाया जाना जाता है। इसी कड़ी में भिलाई विद्यालय सेक्टर-2 के मुख्यद्वार पर प्याऊ उद्घाटन के दौरान विद्यार्थी,पालक एवं बीएसपी शिक्षा विभाग के प्रमुख अधिकारी उपस्थित थे। इनमें महाप्रबंधक एवं जिला मुख्य आयुक्त शिखा दुबे, जिला आयुक्त स्काउट एवं प्राचार्य भिलाई विद्यालय विजय सिंह पवार, कोषाध्यक्ष उर्वशी साहू, सचिव सरिता शाक्य, डीओसी कीर्तिलता देशमुख, एस.एन. साहू, वरिष्ठ व्याख्याता पवन अग्रवाल, डीके. साहू, डीटीसी डा. शीतलचंद्र शर्मा, अविनाश चंद्र शील सहित सभी शिक्षक प्रमुख रुप से उपस्थित थे।



## लाइव इवेंट

## छत्तीसगढ़ का प्राकृतिक सौंदर्य देखा वाईएचएआई सदस्यों ने




**भिलाई।** यूथ हॉस्टल्स एसोसिएशन ऑफ इण्डिया दुर्ग-भिलाई इकाई द्वारा नेचर ब्यूटी स्टडीज आर्कियोलॉजिकल साइट एवं कल्चरल स्टडीज पर केन्द्रित दो दिवसीय ट्रैकिंग सह ट्रेनिंग का आयोजन किया गया। आयोजन में सभी आयु वर्ग के 37 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। इकाई के सदस्यों ने नरसिंह नाथ मंदिर पाईकमाल, मां चण्डी मन्दिर घुंचापाली बागबाहरा, लक्ष्मण मन्दिर सिरपुर, गन्धेश्वर महादेव मंदिर सिरपुर, राम मंदिर रायपुर एवं चोकर धानी रायपुर का अवलोकन किया।

यूथ हॉस्टल्स एसोसिएशन ऑफ इण्डिया छत्तीसगढ़ के सचिव एवं दुर्ग भिलाई इकाई के चेयरमेन के. सुब्रमण्यम ने आयोजन के विषय में विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि प्रतिभागी ओडिशा के बरगढ़ जिले में गंधमर्दन पर्वत की सुरम्य तलहटी में स्थित प्राचीन नरसिंह नाथ मंदिर के दर्शन किये।

यूथ हॉस्टल्स दुर्ग भिलाई इकाई के प्रेसिडेंट ऋषिकांत तिवारी ने बताया कि मां चण्डी मन्दिर घुंचापाली बागबाहरा के मनोरम परिदृश्य ने सभी को कल्पनालोक का एहसास कराया। साथ ही पुरातात्विक स्थल लक्ष्मण मन्दिर सिरपुर का अवलोकन किया। इस दौरान रायपुर के चोकरधानी में राजस्थान की लोककला, संस्कृति, खान-पान, परिधान और रीति-रिवाज से सभी अवगत हुए। इस दो दिवसीय ट्रैकिंग सह ट्रेनिंग में संजय साहू, सुलेखा साहू, प्रिया जांगड़े, श्वेता तिवारी, राजेश मराठे, सुखबीर सिंह ब्रोका, सुरिन्दर कौर ब्रोका, जसबीर सिंह ब्रोका, नवजीत कौर ब्रोका, सरोज अग्रवाल, ओंकार प्रसाद साहू, तारकेश्वरी साहू, उषा रानी यादव, विकास चौधरी, फाल्गुनी चौधरी, श्रुति चटर्जी, परमजीत सिंह, मंजीत कौर, देशबन्धु शर्मा, दिव्या शर्मा, किशोर छबलानी सहित अन्य सदस्य शामिल रहे।

**सेक्टर-2 रामभद्र सेवा मंदिर में देवी भागवत कथा का आयोजन**

## माता के नौ रूपों की महिमा की देवी भागवत कथा में किया बखान, भावविभोर हुए श्रद्धालु

**कार्नर न्यूज**

**भिलाई।** चैत्र नवरात्र के अवसर पर सेक्टर-2 स्थित रामभद्र सेवा मंडल में पूरे नौ दिन भक्ति, आस्था और श्रद्धा का वातावरण दिखाई दिया। देवी भागवत कथा के आयोजन ने पूरे क्षेत्र को भक्तिमय बना दिया। जहां सुबह से शाम तक मां दुर्गा के जयकारों और भजनों की गूंज सुनाई दी। सम्प्रति सेवा समिति के तत्वावधान में आयोजित कथा समाज में भक्ति और संस्कारों का संचार के लिए आयोजित किया गया था। देवी भजनों में श्रद्धालु नाचते-झूमते रहे।

रामभद्र सेवा मंडल, सेक्टर-2 द्वारा आयोजित नौ दिवसीय देवी भागवत कथा में आचार्य पं संदीप तिवारी ने अपने मधुर और प्रभावशाली प्रवचनों से श्रद्धालुओं को देवी महिमा से अवगत कराते हुए नवरात्र के प्रत्येक दिन की विशेषता और मां दुर्गा के नौ स्वरूपों का महत्व सरल भाषा में समझाया।



### समाज में भक्ति और संस्कारों का संचार

नवरात्र मां शक्ति की उपासना का पर्व है, जो हमें आत्मबल, संयम और सकारात्मक सोच की प्रेरणा देता है। देवी भागवत कथा का उद्देश्य समाज में भक्ति और संस्कारों का संचार करना है, जिसमें क्षेत्रवासियों का अपार सहयोग मिला।

### नौ रुपों की व्याख्या

नवरात्र के नौ दिनों की व्याख्या करते हुए आचार्य ने माता के नौ स्वरूप शैलपुत्री, ब्रह्मचारिणी, चंद्रघंटा, कूष्मांडा, स्कंदमाता, कात्यायनी, कालरात्रि, महागौरी और सिद्धिदात्री की महिमा का बखान किया।

### महिलाओं ने संभाली थी जिम्मेंदारी

देवी भागवत कथा के दौरान नौ दिनों तक सेक्टर 2 मंदिर के प्रांगण में केवल धार्मिक अनुष्ठान ही नहीं, बल्कि सामाजिक एकता की झलक भी देखने को मिली। क्षेत्र की महिलाएं जहां सेवा और सजावट की जिम्मेदारी संभाल रही थीं वहीं युवा वर्ग भी व्यवस्था में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस दौरान बुजुर्ग श्रद्धालुओं ने कथा सुनते हुए अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि कथा के आयोजन से पीढ़ियों के बीच जुड़ाव और मजबूत हो रहा है।





सिटी इवेंट

## श्री डी डिजिटल आर्ट में खुशांक नायक ने जीता रजत पदक





**भिलाई।** छात्र खुशांक नायक ने राष्ट्रीय कौशल प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए थ्री डी डिजिटल आर्ट श्रेणी में रजत पदक हासिल किया है। यह प्रतियोगिता भुवनेश्वर में आयोजित हुई जिसमें 6 राज्यों के 200 से अधिक प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। यह उपलब्धि न केवल भिलाई बल्कि पूरे छत्तीसगढ़ के लिए गर्व की बात है। इस कड़ी प्रतिस्पर्धा में खुशांक ने अपनी रचनात्मकता, तकनीकी दक्षता और उत्कृष्ट प्रस्तुति से निर्णायकों को प्रभावित किया। खुशांक को आगामी राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में प्रदेश का प्रतिनिधित्व करने करने का अवसर प्राप्त हुआ है। उन्होंने अपनी सफलता के का श्रेय अपने गुरु तुलसी प्रजापति और संस्थान को दिया है।

सिटी लाइव

## अर्थ ऑवर डे पर ऊर्जा संरक्षण और पर्यावरण सुरक्षा करने की अपील



**भिलाई।** अर्थ ऑवर डे पर ऊर्जा संरक्षण एवं पर्यावरण सुरक्षा के लिए जन-जागरूकता अभियान का आयोजन तुलाराम आर्य कन्या विद्यालय दुर्ग में किया गया। संस्था द्वारा महिला दिवस से चलाये जा रहें पखवाड़े के अंतिम दिन आयोजित कार्यक्रम में संस्था के संरक्षक वीरेंद्र सतपथी, इंद्रजीत सिंह, शहाना कुरैशी, संस्थापक प्रतीक भोई और महासचिव राकेश रत्नाकर उपस्थित रहे। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि जब पूरा विश्व जलवायु परिवर्तन, बढ़ते प्रदूषण और प्राकृतिक संसाधनों के अत्यधिक दोहन जैसी गंभीर चुनौतियों का सामना कर रहा है, ऐसे समय में अर्थ ऑवर डे केवल एक प्रतीक नहीं, बल्कि एक सशक्त जन-आंदोलन बन चुका है। जो हमें यह सोचने का अवसर देता है कि हम अपने दैनिक जीवन में ऊर्जा का कितना अनावश्यक उपयोग कर रहे हैं और इसे कैसे कम कर सकते हैं।

वीरेंद्र सतपथी ने नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि वे अर्थ ऑवर डे के अवसर पर अनावश्यक विद्युत उपकरणों को बंद रखें, ऊर्जा संरक्षण को अपनी आदत बनाएं और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करें। एक घंटा अंधेरा, पृथ्वी के लिए उज्जवल सवेरा का संदेश भी दिया। साथ ही उन्होंने आने वाली पीढ़ियों के लिए एक सुरक्षित एवं स्वच्छ पृथ्वी का निर्माण करने को कहा। इस अवसर पर साधना मौर्य, विनीता केरकेट्टा, सुधा शर्मा, निर्मला रत्नाकर, प्रतीक भोई, राकेश रत्नाकर, घनश्याम पांडे, रघुवंश सैनी, रमेश प्रजापति, मंजू चौरसिया, मनमोहन सिंह, अरुणा शर्मा, जया सरनाइक, विनोद नायर सहित बड़ी संख्या में बच्चे भी उपस्थित थे।



## बचपन का टिकट कार्यक्रम आज



**दुर्ग।** भारतीय जनता पार्टी राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सरोज पाण्डेय के सानिध्य में सखी सहेली समूह दुर्ग द्वारा बचपन की टिकट, चलव दीदी खेल खेले बर जाबो कार्यक्रम का आयोजन दुर्ग के पदमनाभपुर मिनी स्टेडियम में 29 मार्च को शाम 4 बजे से किया गया है। कार्यक्रम दो वर्गों में विभाजित किया गया है। 18 से 30 वर्ष एवं 30 वर्ष ऊपर की आयु की महिलाएं कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे। कार्यक्रम पूरी तरह से निशुल्क रखा गया और आयोजित प्रतिस्पर्धा में भाग लेने वाली प्रतिभागियों को पुरस्कृत भी किया जाएगा।

## दिव्यांगों के लिए उपकरण वितरण शिविर कल

**भिलाई।** विशेष सहायक उपकरण वितरण शिविर मानस भवन दुर्ग (रविशंकर स्टेडियम, बस स्टैंड के पास) में 30 मार्च को आयोजित किया गया है।नगर पालिक निगम भिलाई में समाज कल्याण विभाग दुर्ग द्वारा 19 फरवरी 2026 को दिव्यांग शिविर का आयोजन किया गया था। भिलाई शहर के निवास कर रहे दिव्यांगों द्वारा उपकरण हेतु आवेदन किये है। उन सभी चिन्हांकित दिव्यांग हितग्राहियों को सहायक उपकरण प्रदाय किया जाना है। शिविर में पूर्व में चिन्हांकित दिव्यांगजनों को आवश्यक उपकरण वितरित किये जायेगें, जिससे उन्हे दैनिक जीवन में सुविधा मिल सके। नगर पालिक निगम भिलाई प्रशासन द्वारा संबंधित क्षेत्र के सभी पात्र हितग्राहियों को समय पर उपस्थित होने कहा गया है। इसके साथ ही निगम प्रशासन ने प्रचार-प्रसार एवं मुनादी के माध्यम से सूचना प्रसारित करने के निर्देश दिये है, ताकि कोई भी पात्र हितग्राही शिविर का लाभ लेने से वंचित न हो। सभी चिन्हित दिव्यांगजनों से अपील की गई है कि वे निर्धारित तिथि एवं स्थान पर उपस्थित होकर उपकरण प्राप्त करें।

● श्री सत्तीचौरा मां दुर्गा मंदिर में 16वें वार्षिकोत्सव में झूमे श्रद्धालु, हुआ महाभंडारा

# 200 विवाहित जोड़ों ने एक साथ किया सुंदरकांड पाठ, भक्तों के बीच पहुंचे 10 फीट के हनुमान



**दुर्ग।** दुनिया चले न श्री राम के बिना और रामजी चले न हनुमान के बिना, देखा न वीर हनुमान, बजाए जा तू प्यारे हनुमान चुटकी जैसे सुमधुर भजनों को सुन धर्मप्रेमी झूम उठे। सुंदरकांड पाठ और भजनों के दौरान 10 फिट के बजरंग बली उपस्थित लोगो के बीच पहुंचकर नृत्य करते रहे। यह आयोजन श्री सत्तीचौरा मां दुर्गा मंदिर में आयोजित किया गया था। जहां 200 से अधिक विवाहित जोड़ों द्वारा एक साथ सुंदरकांड का पाठ किया। जिससे पूरा वातावरण भक्ति में लीन दिखाई दिया। समिति के सदस्य योगेन्द्र शर्मा बंटी ने बताया कि श्री सत्तीचौरा मां दुर्गा मंदिर, गंजपारा दुर्ग में चैत्र नवरात्र पर्व एवं 16वां वार्षिकोत्सव नवरात्र के पूरे नौ दिनों तक बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। इसी कड़ी में विवाहित जोड़ो द्वारा सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया, जिसमें दो सौ से अधिक विवाहित जोड़े एवं सैकड़ों धर्मप्रेमियों ने एक साथ पाठ किया। इतनी अधिक संख्या में जिले में दूसरी बार विवाहित जोड़ों द्वारा सुंदरकांड पाठ किया गया। जिससे जिले में एक अनूठा आयोजन शहर के धर्मप्रेमियों को श्री सत्तीचौरा मां दुर्गा मंदिर में देखने को मिला।







### व्यवस्थाओं को देख सभी धर्मप्रेमी हुए भाव-विभोर

कार्यक्रम में सबसे पहले कान्हा महाराज और देवा महाराज व विद्वान पंडितों द्वारा मंत्रोच्चार के साथ पूजा-अर्चना कराई गई और गणेश वंदना के साथ पाठ प्रारंभ किया गया। लगभग 500 मीटर दूर तक धर्मप्रेमी नीचे बैठकर पाठ किये और जो नीचे नही बैठ सकते थे उनके लिए कुर्सी की अलग से व्यवस्था की गयी थी। कार्यक्रम में कान्हा महाराज द्वारा सुंदर एवं मधुर भजनों की प्रस्तुति दी गई। इस दौरान आकर्षक बैठक व्यवस्था के साथ सैकड़ों की संख्या में विवाहित जोड़ो ने एक साथ बैठकर सुंदरकांड का पाठ किया। समिति द्वारा विवाहित जोड़ों के बैठने की उचित व्यवस्था के साथ पूजा की चौकी, अलग-अलग पूजा एवं आरती की थाल, सुंदरकांड पुस्तक व तैयारियों को देख सभी धर्मप्रेमी भाव विभोर हो उठे। सुमधुर और सुंदर भजनों की प्रस्तुति के साथ जब भजन मंडली द्वारा सुंदरकांड पाठ किया गया तो लोग भक्ति भाव में नाचने झूमने लगे।



### बजरंग बली ने बनाया भक्तिमय महौल

कान्हा महाराज द्वारा सुमधुर भजनों की प्रस्तुती दी गई। सुंदरकांड में कथा में धमधा के कलाकार महाबली हनुमान एवं वनार सेना की आकर्षित झांकी भी प्रस्तुत की गयी जिसमें महाबली बजरंग बली का अदभुद रूप दिखाई दे रहे थे। जिसमें 10 फिट के बजरंग बली की अद्भुत झांकी आकर्षण का केंद्र रही। कार्यक्रम के बीच में विशेष आतिशबाजी भी की गई। समिति की महिला सदस्यों ने पूजा की पूरी व्यवस्था संभाली। पूजा की थाल सजाकर सभी विवाहित जोड़ों के समाने रखे कुमंकुम, गुलाल, चावल आरती के लिए दीप सुगंधित अगरबत्ती सहित पूजा सामाग्री रखी, जिससे पूजा में सभी को आनंद आया।

### मंदिर का होगा रिनोवेशन

मंदिर के वार्षिकोत्सव में विशेष रूप से कैबिनेट मंत्री गजेंद्र यादव उपस्थित हुए। इस दौरान माता का आर्शिवाद लेकर उन्होंने मंदिर के पुनर्निमाण के लिए 10 लाख का सहयोग देने की घोषणा की। मंदिर में नवरात्र के अवसर पर प्रतिदिन दोपहर 12 बजे कन्यापूजन एवं कन्या भोज भी कराया गया। सुंदरकांड पाठ में राजेंद्र साहू, धीरज बाकलीवाल, प्रतिमा चंद्राकर, प्रतिभा सुरेश गुप्ता, कुलेश्वर साहू, प्रकाश सांखला, उत्तम भंडारी, अशोक गुप्ता, अशोक राठी, महेश टावरी, प्रवीण भूतड़ा, गोपाल शर्मा, राजेश शर्मा, नरेंद्र शर्मा, विनय मिश्रा, वाशु शर्मा, सुयश गुप्ता, सोनल सेन सहित सैकड़ो विवाहित जोड़े और धर्मप्रेमी उपस्थित थे।

भारती विश्वविद्यालय में हुआ आयोजन

## रामनवमी उत्सव पर दिखी संस्कृति की झलक, छात्रों ने की सहभागिता



**दुर्ग।** भारती विश्वविद्यालय के शिक्षा विभाग द्वारा रामनवमी पर सांस्कृतिक उत्सव आयोजित किया गया, जिसमें छात्रों ने पूरे उत्साह के साथ सहभागिता दी। अतिथि के रूप में शोभा भारती ग्रुप की संयुक्त निदेशक शालिनी चंद्रकार, विभाग प्रमुख डॉ. मनोज मौर्य, डीएसडब्ल्यू डॉ. स्वाति पांडे, डॉ. हुल्लाश चौहान, डॉ. आस्था चतुर्वेदी, डॉ. अखिलेश सेन, डॉ. नीलम त्रेहन, डॉ. दुर्गा श्रीवास्तव, श्रीमती नीतू साहू और सुश्री सृष्टि महापात्रो उपस्थित थे।उत्सव का मुख्य आकर्षण शैक्षणिक और सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं की श्रृंखला थी, जिसमें रामायण की अनकही कहानियां विषय पर कहानी वाचन, रंगोली और प्रश्नोत्तरी क्विज़ प्रमुख थी। इससे छात्रों को अपनी साहित्यिक, कलात्मक और बौद्धिक क्षमताओं का प्रदर्शन करने का अवसर मिला। साथ ही उन्हें रामायण में निहित आदर्शों को आत्मसात करने की प्रेरणा मिली।

बीएसपी में स्वच्छता पखवाड़ा

## औद्योगिक सुरक्षा मानकों को सुदृढ़ करता है स्वच्छ और सुव्यवस्थित कार्यस्थल



**भिलाई।** बीएसपी के स्टील मेल्टिंग शॉप-2 विभाग में 16 से 31 मार्च तक मनाए जा रहे स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत 28 मार्च को स्वच्छता अभियान और जन-जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य कार्यस्थल पर स्वच्छता और सुरक्षित कार्य वातावरण को बढ़ावा देना तथा कर्मचारियों में स्वच्छता के प्रति सतत जिम्मेदारी की भावना को प्रोत्साहित करना था।

कार्यक्रम में मुख्य महाप्रबंधक एसएमएस-2 एसके घोषाल, महाप्रबंधक एसके देबसिकदर, महाप्रबंधक सौरभ जैन, महाप्रबंधक और विभागीय सुरक्षा अधिकारी बिनितोष बाला, महाप्रबंधक एसपी द्विवेदी सहित बड़ी संख्या में अधिकारी-कर्मचारी और ठेका श्रमिक उपस्थित थे। इस अवसर पर वरिष्ठ अधिकारियों ने अपने संबोधन में स्वच्छता के महत्व पर प्रकाश डालते हुए सभी को अपने कार्यस्थल एवं आसपास के क्षेत्र को स्वच्छ बनाए रखने हेतु प्रेरित किया। स्वच्छता को केवल एक अभियान न मानकर दैनिक कार्य संस्कृति का अभिन्न हिस्सा बनाने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि स्वच्छ एवं सुव्यवस्थित कार्यस्थल न केवल उत्पादकता को बढ़ाता है, बल्कि औद्योगिक सुरक्षा मानकों को भी सुदृढ़ करता है।

इसके उपरांत सभी उपस्थित अधिकारियों, कर्मचारियों एवं ठेका श्रमिकों ने स्वच्छता बनाए रखने हेतु सामूहिक शपथ ली। इसके पश्चात एसएमएस-2 परिसर और उसके आसपास के क्षेत्र में सफाई अभियान चलाया गया, जिसमें सभी ने सक्रिय सहभागिता निभाई। कार्यक्रम के आयोजन में मानव संसाधन विभाग की ओर से उप प्रबंधक सिकन्दर इंदोरिया और अतिरिक्त श्रम कल्याण अधिकारी रविन्द्र कुमार ठाकुर का विशेष योगदान रहा।

मां दुर्गा से पति की लंबी उम्र और सुखी वैवाहिक जीवन की कामना

## दशमी पर सिंदूर खेला में रंगी महिलाएं, शंख व उलु ध्वनि कर माता दुर्गा को नम आंखों से दी विदाई

कार्नर न्यूज



**भिलाई।** चैत्र नवरात्रि के पावन अवसर पर भिलाई में बंगाली समाज द्वारा आयोजित बासंती पूजा पूरे श्रद्धा और उत्साह के साथ संपन्न हुई। 24 मार्च को षष्ठी से शुरू हुआ यह धार्मिक आयोजन 28 मार्च शनिवार को दशमी के साथ अपने चरम पर पहुंचा। हर वर्ष की तरह इस बार भी बासंती पूजा को लेकर समाज में खासा उत्साह देखने को मिला। अब 29 मार्च को मां दुर्गा का विसर्जन किया जाएगा। शहर के हुडको, वैशाली नगर और हाउसिंग बोर्ड कालीबाड़ी में बासंती पूजा का भव्य आयोजन किया गया, जहां चारों दिनों तक भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी। सप्तमी, अष्टमी और नवमी के दौरान पूजा-अर्चना और धार्मिक अनुष्ठानों का सिलसिला चला, वहीं दशमी के दिन माहौल पूरी तरह भावनात्मक और उत्सवी रंग में रंग गया। दशमी के अवसर पर बड़ी संख्या में शादीशुदा महिलाएं पारंपरिक परिधान में पूजा स्थल पहुंचीं। विधि-विधान से मां दुर्गा की पूजा संपन्न करने के बाद सिंदूर खेला की परंपरा निभाई गई। महिलाओं ने एक-दूसरे को सिंदूर लगाया और मां दुर्गा को भी अर्पित करते हुए अपने पति की लंबी उम्र और सुखी वैवाहिक जीवन की कामना की।







### भक्ति संगीत के बीच निभाई रस्म

ढाक की गूंजती ताल और भक्ति संगीत के बीच महिलाओं ने हंसी-खुशी इस परंपरा को निभाया। पूरे परिसर में उत्सव जैसा माहौल रहा। सिंदूर खेला के जरिए महिलाओं ने मां दुर्गा को भावुक विदाई दी। बंगाली परंपरा में सिंदूर खेला केवल एक रस्म नहीं, बल्कि शक्ति, सौभाग्य और स्त्रीत्व का उत्सव है। मां दुर्गा को शक्ति का स्वरूप मानते हुए महिलाएं इस दिन उन्हें सिंदूर अर्पित कर अपने जीवन में सुख-समृद्धि की कामना करती हैं। पूजा के दौरान कालीबाड़ियों में तीन दिनों तक भोग-भंडारे का भी आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

## खबर संक्षेप



### नियुक्ति के बाद पूर्व सीएम बघेल का जताया आभार

भिलाई। दुर्ग ग्रामीण कांग्रेस कमेटी महामंत्री राम कुमार सूर्यवंशी को पाटन विधानसभा ब्लाक कांग्रेस जामगांव आर का प्रभारी बनाया गया है। जिसे लेकर राम कुमार सूर्यवंशी ने आभार जताने भिलाई तीन में पूर्व सीएम भूपेश बघेल, अध्यक्ष राकेश ठाकुर और चैतन्य बघेल से गुलदस्ता के साथ मुलाकात किया। इस दौरान राम कुमार सूर्यवंशी ने कहा जिस विश्वास से जिम्मेदारी दी गई है उसे ईमानदारी के साथ निभाउंगा। इस अवसर पर पार्षद भारती सूर्यवंशी समेत समर्थक पहुंचे थे।

### किराया वृद्धि पर जताया रोष दी आंदोलन की चेतावनी



**भिलाई।** शनिवार को सिविक सेंटर स्थित मोनूमेंट में सेवानिवृत्त कार्मिक कल्याण संघ भिलाई की सप्ताहिक बैठक हुई। बैठक में संघ के अध्यक्ष सुरेश चंद सहित अन्य सदस्यों ने किराये के प्रति रोष जताया।बैठक में बताया गया कि प्रबंधन के अमानवीय रवैये पर अब संगठन कठोर कदम उठाने पर मजबूर हो चूका है। अब सेवनिवृत कार्मिक कल्याण संघ ने निर्णय लिया है कि अप्रैल माह में किराया यदि बढ़ा हुआ आता है तो संगठन द्वारा आंदोलन का रुख अपनाया जाएगा। जनप्रतिनिधियों के द्वारा दिए गए आश्वासन के कारण संघ अभी तक किसी भी कठोर आंदोलन से दूर थी लेकिन प्रबंधन का जनप्रतिनिधियों का इस प्रकार अनदेखा करना और लगातार रेटेंशनधारियों को नोटिस भेज कर परेशान करना अब और नहीं सहा जाएगा। इसलिए सेवानिवृत्त कार्मिक कल्याण संघ के सभी सदस्यों ने सर्व सहमति से आंदोलन करने का निर्णय लिया है। प्रबंधन का एकतरफा रवैया थर्ड पार्टी से अपनापन एवं सेवा निवृत कर्मियों के साथ किया गया सौतेला व्यवहार पूर्व कर्मियों के रोष का कारण बन चुका है।

# तापमान फिर से 38 डिग्री सेल्सियस, तीन दिनों तक रहेगा ऐसा ही मौसम

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

अचानक फिर से पारा 38 डिग्री सेल्सियस जा पहुंचा है। आने वाले तीन दिनों में ऐसी ही स्थिति बनी रह सकती है। उसके बाद फिर से तापमान में बढ़ोतरी होने की संभावना है।

शनिवार को सुबह आसमान पर बदली छाई रही। उसके बाद सूर्य की तपिश पूरे दिन कम नहीं हुई। शाम को आसमान पर काले बादल जरूर आए जिसकी वजह से मौसम में आर्द्रता बढ़ गई और लोगों को उमसभरी गर्मी का एहसास होना शुरू हो गया।

## पश्चिमी विक्षोभ का हो रहा असर, आगामी दिनों में और बढ़ेगी गर्मी

### चलने लगे एसी-कूलर-पंखे

पिछले दो दिनों से अधिकतम तापमान में बढ़ोतरी हुई है। बीच-बीच में मौसम बिगड़ भी रहा है। भिलाई में यह स्थिति है कि एक क्षेत्र में अचानक बारिश के हालात बन जाते हैं और दूसरे क्षेत्र में तेज धूप। जिसकी वजह से लोगों को उमसभरी गर्मी झेलना पड़ रहा है। मौजूदा स्थिति यह है कि एसी,कूलर और पंखे हर घर में पूरे समय चलने लगे हैं। इसके पहले एसी की नौबत नहीं आई थी।



### बस्तर संभाग में बारिश के आसार

मौसम विभाग के मुताबिक पश्चिमी विक्षोभ उत्तर ईरान और उसके आसपास 3.1 किलोमीटर से 9.4 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। एक द्रोणिका/हवा की अनियमित गति पश्चिम बंगाल से तमिलनाडु तक दक्षिण छत्तीसगढ होते हुए 0.9 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। प्रदेश में 29 मार्च को एक दो स्थानों पर हल्की वर्षा होने अथवा गरज चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। प्रदेश में एक दो स्थानों पर गरज-चमक के साथ अंधड़ चलने और वज्रपात होने की संभावना है। अधिकतम तापमान में हल्की वृद्धि संभावित है। वर्षा का क्षेत्र मुख्यतः सरगुजा संभाग और उससे लगे जिले तथा बस्तर संभाग और उससे लगे जिले में संभावित है।

### पेट्रोलियम, गैस और उर्वरक की पर्याप्त उपलब्धता पर मुख्यमंत्री ने की समीक्षा

# पेट्रोल और रसोईगैस की नहीं किल्लत, समस्या पर 18002333663 नंबर पर करें शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने पश्चिम एशिया में उत्पन्न परिस्थितियों के मद्देनज़र आज राजधानी रायपुर स्थित मुख्यमंत्री निवास कार्यालय में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रदेश के सभी संभागायुक्तों, पुलिस महानिरीक्षकों, कलेक्टरों एवं पुलिस अधीक्षकों के साथ एक उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की। बैठक में दुर्ग जिले के कलेक्टर अभिजीत सिंह सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारी शामिल हुए।

बैठक में पेट्रोलियम उत्पादों, एलपीजी गैस, उर्वरकों और अन्य आवश्यक वस्तुओं की उपलब्धता एवं आपूर्ति व्यवस्था की व्यापक समीक्षा करते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दूरदृष्टि और संवेदनशील नेतृत्व के कारण कोविड जैसी चुनौतीपूर्ण स्थिति में भी देश एकजुट रहा और सफलतापूर्वक उसका सामना किया। उन्होंने स्पष्ट किया कि वर्तमान में कोविड जैसी स्थिति नहीं है, लेकिन सतर्क रहना आवश्यक है। प्रदेश में पेट्रोलियम पदार्थों, गैस सिलेंडरों और उर्वरकों की कोई कमी नहीं है, अतः नागरिक किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें।

## दुर्ग कलेक्टर अभिजीत सिंह ने बैठक के बाद जारी किए निर्देश



### समस्या के निराकरण के लिए बनेगा कंट्रोल रूम

मुख्यमंत्री साय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पश्चिम एशिया संकट पर सभी राज्यों के साथ विस्तृत चर्चा की गई है और यह आश्वस्त किया गया है कि आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति सुचारू रूप से जारी है। राज्य स्तर पर कंट्रोल रूम की स्थापना की गई है तथा उच्च स्तरीय समिति द्वारा स्थिति की सतत निगरानी की जा रही है। उन्होंने निर्देश दिए कि प्रत्येक जिले में भी कंट्रोल रूम स्थापित किया जाए तथा प्रभारी सचिव और कलेक्टर नियमित समीक्षा करें। अफवाहों और भ्रामक खबरों से बचने के लिए आमजन तक समय पर तथ्यात्मक जानकारी पहुंचाना सुनिश्चित किया जाए।

### कालाबाजारी और जमाखोरी पर होगी सख्त कार्रवाई

मुख्यमंत्री साय ने स्पष्ट निर्देश दिए कि आवश्यक वस्तुओं की कालाबाजारी या जमाखोरी करने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाए। सभी पेट्रोल पंपों और गैस एजेंसियों के भंडारण एवं आपूर्ति की नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित की जाए।उन्होंने अधिकारियों से टीम भावना के साथ कार्य करते हुए हर परिस्थिति में आमजन तक सेवाओं की निर्बाध उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में एचपीसीएल, बीपीसीएल और आईओसीएल के अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को अवगत कराया कि प्रदेश में गैस एवं पेट्रोलियम पदार्थों की कोई कमी नहीं है और आपूर्ति नियमित रूप से जारी है। गैस सिलेंडरों की ऑनलाइन बुकिंग सामान्य रूप से संचालित है।

### किसानों को समय पर मिलेगा खाद

वीडियो कांफ्रेंस के दौरान अधिकारियों ने बताया कि प्रदेश में उर्वरकों की कोई कमी नहीं है। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि उर्वरकों की होल्डिंग पर रोक लगाई जाए और दैनिक स्टॉक की नियमित समीक्षा की जाए। सभी किसानों को उनकी आवश्यकता के अनुसार समान रूप से उर्वरक उपलब्ध कराया जाए।साथ ही खाद वितरण प्रणाली को और अधिक पारदर्शी एवं प्रभावी बनाने के लिए सॉफ्टवेयर आधारित मॉनिटरिंग की जानकारी भी साझा की गई।मुख्यमंत्री ने अस्पतालों, छात्रावासों, शैक्षणिक संस्थानों, रेलवे, भारत सरकार की संस्थाओं, सैन्य एवं अर्धसैनिक बलों, समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित संस्थानों और एयरपोर्ट कैंटीनों में गैस आपूर्ति निर्बाध बनाए रखने के निर्देश दिए।

### रसोई गैस कनेक्शन की सप्लाई के लिए 25 दिन की समय सीमा

उज्ज्वला गैस कनेक्शन के लिए 45 दिन तथा सामान्य गैस कनेक्शन के लिए 25 दिन की समय सीमा निर्धारित है और वर्तमान में उसी अंतराल के अनुसार बुकिंग की जा रही है। पेट्रोलियम पदार्थों के परिवहन में भी किसी प्रकार की बाधा नहीं है और पूरे प्रदेश में स्थिति सामान्य है। मुख्य सचिव विकास शील ने बताया कि वर्तमान परिस्थितियों की सतत निगरानी के लिए राज्य स्तर पर कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। उपभोक्ता घरेलू गैस आपूर्ति से संबंधित समस्याओं, शिकायतों अथवा कालाबाजारी की सूचना 1800-233-3663 पर दे सकते हैं।उन्होंने निर्देश दिए कि उक्त नंबर का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए ताकि आमजन को सही जानकारी समय पर उपलब्ध हो सके और शिकायतों का त्वरित निराकरण सुनिश्चित किया जा सके।

## बीएसपी में उत्पादन बढ़ाने की गई फ्लैप गेट की कमीशनिंग



हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

बीएसपी के सिंटर प्लांट-3 की मशीन-2 में नोडुलाइज़र बाय-पास च्यूट और फ्लैप गेट का कमीशनिंग व उद्घाटन किया गया। यह उपलब्धि संयंत्र के संचालन में

■ इससे सुनिश्चित होगी बीएसपी में उत्पादन की निरंतरता

लचीलापन, विश्वसनीयता और अनुरक्षण दक्षता को बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।

उद्घाटन समारोह का शुभारंभ मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी एम एंड यू बीके बेहरा द्वारा किया गया। इस अवसर पर मुख्य महाप्रबंधक कृष्ण कुमार, मुख्य महाप्रबंधक एचके सचदेव, मुख्य महाप्रबंधक पीके सिंह तथा मुख्य महाप्रबंधक सजीव वर्गीस सहित संयंत्र के अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित थे। महाप्रबंधक आईवी रमण के नेतृत्व में एसपी-3 की टीम का विशेष योगदान रहा, जिनमें महाप्रबंधक एके बेडेकर और आरडी शर्मा, उप महाप्रबंधक एमयू राव, सहायक महाप्रबंधक डीके गुप्ता आदि शामिल रहें। नोडुलाइज़र, सिंटर मशीन के संचालन का एक अत्यंत महत्वपूर्ण उपकरण है, जिसके अनुरक्षण के लिए पूर्व में संपूर्ण मशीन को बंद करना पड़ता था। अब बाय-पास च्यूट एवं फ्लैप गेट की स्थापना के पश्चात नोडुलाइज़र का अनुरक्षण बिना सिंटर मशीन को पूर्णतः बंद किए किया जा सकेगा, जिससे उत्पादन की निरंतरता सुनिश्चित होगी।

### अब सिंटर मशीन की कैपिटल रिपेयर की आवश्यकता नहीं

इस नवीन व्यवस्था के लागू होने से नोडुलाइज़र में किसी भी खराबी की स्थिति में संपूर्ण सिंटर मशीन के ठप होने का जोखिम काफी हद तक कम हो गया है तथा अब इसे केवल सीमित अवधि के अल्पकालिक शटडाउन तक नियंत्रित किया जा सकेगा। साथ ही, नोडुलाइज़र की कैपिटल रिपेयर अब स्वतंत्र रूप से संभव होगी, जिसके लिए पूरी सिंटर मशीन की कैपिटल रिपेयर की आवश्यकता नहीं होगी। इससे अनुरक्षण योजना, संसाधनों के बेहतर उपयोग एवं परिचालन दक्षता में उल्लेखनीय सुधार अपेक्षित है। इस उपलब्धि में संयंत्र के विभिन्न विभागों का भी सहयोग प्राप्त हुआ, जिनमें महाप्रबंधक (ईडीडी) मेजी मेजर सिंह, उप महाप्रबंधक देवेंद्र सोनार, महाप्रबंधक (एफ एंड एसएस) श्री जितेंद्र मोटवानी तथा महाप्रबंधक राजीव सोनटेके शामिल हैं।

# बेहतर विद्युत आपूर्ति के लिए 132 केवी का नया सब-स्टेशन शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग



धमधा ब्लॉक के लिटाया-सेमरिया गांव में 220/132/33 केवी के नए उपकेन्द्र का निर्माण किया गया है, जिसकी क्षमता 160 एमवीए है। इसे ट्रांसमिशन कंपनी के प्रबंध निदेशक

■ मिलेगी निर्बाध और गुणवत्तापूर्ण बिजली

राजेश कुमार शुक्ला ने बटन दबाकर ऊर्जीकृत किया। इस क्षमता विस्तार से दुर्ग व धमधा ब्लॉक क्षेत्र के 150 से अधिक गांव के विद्युत उपभोक्ताओं को गुणवत्तापूर्ण विद्युत आपूर्ति हो सकेगी।

इस अवसर पर शुक्ला ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी के अध्यक्ष सुबोध कुमार सिंह के निर्देशन में प्रदेश में पारेषण नेटवर्क को मजबूत बनाने की दिशा में योजनाबद्ध तरीके से कार्य किया जा रहा है। इसमें राजधानी में पंजीगत निवेश के तहत कार्य कराए जा रहे हैं। इसी के तहत लिटाया सेमरिया में 132/33 केवी के नए उपकेंद्र की स्थापना की गई है, जिसमें 40-40 एमवीए के दो पॉवर ट्रांसफार्मर लगाए गए हैं। इसकी अनुमानित लागत लगभग 100 करोड़ रुपए है। इस उपकेंद्र से 33 केवी के 6 फीडर से बिजली सप्लाई होगी। इस अवसर पर कार्यपालक निदेशक संजय पटेल, एस सलेट, एएम परियल, मुख्य अभियंता अब्राहम वर्गीश, पीपी सिंग,अधीक्षण अभियंता राजेश तिवारी, राजेंद्र कुमार मिश्रा, एसके भुआर्य, कार्यपालन अभियंता धर्मेंद्र भारती, छगन शर्मा, डीके साहू, बरखा दुबे, एस सिन्नी, सिद्धार्थ भावसार सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।

# मंच निर्माण का नगर पालिका अध्यक्ष ने किया भूमिपूजन



हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

नगर पालिका परिषद जामुल में वार्ड 20 सुरडुंग में मंच निर्माण के लिए भूमि पूजन नपा अध्यक्ष ईश्वर सिंह ठाकुर ने किया। इस दौरान नपा अध्यक्ष ठाकुर ने कहा कि पालिका क्षेत्र में विकास की गंगा बह रही है, सभी वार्डों में वार्ड पार्षद के सहमति और आम जनता के अनुरुप विकास कार्य किए जा रहें है।

कई विकास कार्यों का निविदा भी किया जा चुका है। शासकीय प्रक्रिया के बाद विकास कार्यों में तेजी आएगी। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों का भूमि पूजन हो रहा है। यह मंच 2.50 लाख रूपये का है जो कि पार्षद निधि से है। भूमि पूजन में वार्ड पार्षद शांति टंडन, अहिल्या वर्मा, अध्यक्ष प्रतिनिधि विशेश्वर वर्मा, आत्मा राम वर्मा, धनेश दिवाकर, तुलाराम टंडन, भवर सिंह, छोटू महराज, संजय मढ़रिया, प्रकाश साहू, जमुना बाई, हिरौंदी बाई, प्रदीप, संदीप कोसरे, इंदरौतिन बाई, अमृत कोसरे, करूणा गायकवाड़ समेत अन्य मौजूद थे।

## गेहूं के फसल में लगी आग, जलकर खाक



भिलाई। गेहूं की फसल में अचानक आग लग गई। देखते ही देखते भीषण आग में बदल गई। मिली जानकारी के मुताबिक करीब 500 एकड़ में फैली गेहूं की फसल आग के चपेट में आ गई। घटना ग्राम धमधा स्थित ग्राम खिलोराखुर्द की है। आग पहले एक खेत में लगी और हवा के कारण तेजी से दूसरे खेतों तक फैलती चली गई। आग पर काबू पाना मुश्किल हो गया। आसपास के किसान और ग्रामीण तुरंत मौके पर पहुंचे और आग बुझाने का प्रयास किया। आग को बोरी पुलिस ने ग्रामीणों के साथ मिलकर काबू किया। काफी मशक्कत के बाद आग बुझ गया। आग के कारण किसानों ने गेहू उगाने में काफी मेहनत किया था। कुछ ही घंटों में सब कुछ तबाह हो गया। आगजनी में कई किसानों को बहुत नुकसान हुआ है। जिसका आंकलन नहीं किया गया है। फिलहाल आग लगने का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है।

## देखरेख के अभाव में अंबेडकर भवन से हुई लाखों की चोरी की जांच रिपोर्ट आई

# अंबेडकर भवन के गायब सामानों की रिपोर्ट आयुक्त को सौंपी

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

भिलाई-चरोदा नगर निगम क्षेत्र में करोड़ों की लागत से बना अंबेडकर भवन से लाखों रुपए के सामान चोरी होने के मामले में निगम द्वारा गठित जांच टीम ने अपनी रिपोर्ट

■ परीक्षण के बाद होगी कार्रवाई

आयुक्त को सौंप दी है। रिपोर्ट में सामने आया है कि भवन से बड़े पैमाने पर सामान गायब हुआ है और हरिभूमि के खबरों में जो दावे किए गए थे, वे पूरी तरह सही पाए गए हैं। अब इस भवन को किराये पर देने की तैयारी है।

उल्लेखनीय है कि वार्ड क्रमांक 9 में वर्ष 2022 में करीब 2 करोड़ 20 लाख रुपए की लागत से इस अंबेडकर भवन का निर्माण किया गया था। लगभग 15 हजार वर्गफीट क्षेत्र में बने इस भवन का उद्घाटन तो हुआ, लेकिन उसके बाद रखरखाव पूरी तरह से नजरअंदाज कर दिया गया। नतीजा यह हुआ कि धीरे-धीरे भवन असामाजिक तत्वों के निशाने पर आ गया। जांच में सामने आया कि पिछले चार वर्षों के दौरान अज्ञात लोगों ने भवन से 64 पंखे, 172 ट्यूबलाइट, 224 बल्ब, खिड़कियों के कांच, दरवाजे सहित कई जरूरी सामान चोरी कर लिए। हालत यह है कि पंखे और बल्ब निकालने के दौरान भवन की पूरी छत को भी नुकसान पहुंचाया गया, जिससे निगम को अतिरिक्त आर्थिक क्षति उठानी पड़ी। मामले को तब तूल मिला जब इस संबंध में हरिभूमि में खबर प्रकाशित हुई, जिसके बाद निगम आयुक्त ने तत्काल जांच के आदेश दिए। वहीं निगम द्वारा इस अंबेडकर भवन को जैसी स्थिति में है वैसे ही किराये पर देने की तैयारी चल रही है।

### भवन की देखरेख में जिम्मेदारों ने बरती बड़ी लापरवाही

जांच टीम में ईई रवि सिन्हा, अर्जुन सिंह पवार, राजू वर्मा और सब इंजीनियर मुकेश रात्रे को शामिल किया गया। टीम ने मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया और पाया कि भवन में चोरी और नुकसान की स्थिति गंभीर है। अब यह रिपोर्ट आयुक्त को सौंप दी गई है और उनके स्तर पर इसका परीक्षण किया जा रहा है। अब सबसे बड़ा सवाल यह है कि करोड़ों रुपये की लागत से बने इस सार्वजनिक भवन की सुरक्षा और रखरखाव के लिए जिम्मेदार अधिकारियों पर क्या कार्रवाई होगी। आयुक्त द्वारा रिपोर्ट का अध्ययन करने के बाद आगे की कार्रवाई तय की जाएगी।





### आयुक्त को जांच रिपोर्ट सौंपी गई है

आयुक्त द्वारा गिठत टीम द्वारा अंबेडकर भवन का निरीक्षण कर आयुक्त को रिपोर्ट सौंप दी गई है। अब उनके निर्देश पर आगे की कार्यवाही की जाएगी। हरिभूमि ने जिन सामानों की चोरी की बात कही थी वह सभी पाई गई। **-रवि सिन्हा,** ईई नगर निगम भिलाई-चरोदा

### जांच के बाद होगी कार्रवाई

जांच टीम द्वारा अंबेडकर भवन का निरीक्षण कर विस्तृत रिपोर्ट सौंप दी गई है। उन्होंने कहा कि रिपोर्ट का परीक्षण किया जा रहा है और उसके आधार पर आगे की कार्रवाई तय की जाएगी। **-डीएस राजूपत,** आयुक्त, ननि भिलाई-चरोदा

